# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 1 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 2 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 176 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ क्रूरता का रुप ले रही रैगिंग पर नियंत्रण जरुरी

'रेस 4' में सैफ अली खान की वापसी रकुल प्रीत सिंह बनीं लीड एक्ट्रेस ◂◂ 6


झारखंड के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी अब हो जायें सावधान

# काम में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

● सात बिंदुओं में पाये गये संलिप्त तो नौकरी पर आ सकती है विपदा ● महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के हस्ताक्षर से एक पत्र इस संबंध में जारी

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए विभाग ने सात बिंदु बताया है अगर उन सात बिंदुओं में उनकी संलिप्तता होगी तो उनकी नौकरी पर विपदा आ सकती है। झारखंड पुलिस को जिम्मेदार बनाने के लिए नए तरीके से डाटा तैयार किया गया है। कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले राज्य के पुलिस अधिकारी और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जमीन तैयार की जा रही है। अब वैसे पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों की नौकरी पर खतरा पैदा हो सकता है जो



अपने कर्तव्य से फरार रहते हैं। जो कर्तव्य के दौरान शराब का सेवन करते हैं साथ ही जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप है। महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के हस्ताक्षर से 28 फरवरी को एक पत्र इस संबंध में जारी किया गया है। यह पत्र हजारीबाग, दुमका, बोकारो, पलामू, चाईबासा के पुलिस उप महानिरीक्षक को निर्गत किया गया है। उसमें कहा गया है कि आपके जिला इकाई में पदस्थापित वैसे पुलिस पदाधिकारी अथवा कर्मी जिनके खिलाफ आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में कार्रवाई की गयी है। इसके अलावे जिनकी भू-माफिया, आपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ संलिप्तता पायी गयी है, जिनके खिलाफ वरीय पदाधिकारी के साथ उदंडतापूर्ण व्यवहार करने के आरोप में कार्रवाई की गयी हैं अथवा जो कर्तव्य के दौरान शराब का सेवन करते हैं या फिर अक्सर बिना कारण अवकाश से पिछडते है।

**सात बिंदुओं में भ्रष्टाचार के आरोप भी शामिल है :** अंतिम विंदु है कि जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त वर्णित बिंदुओं में यदि किसी भी पुलिस पदाधिकारी अथवा कर्मी की संलिप्तता पायी गयी है तो उनकी सूची एक सप्ताह के भीतर निश्चित तौर पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कहा जाए तो झारखंड में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के आचरण से संबंधित कोई डाटा तैयार किया जाएगा और उसके आधार पर कार्रवाई की रूपरेखा तय की जाएगी।

मार्च के पहले ही दिन महंगाई का झटका

## कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम छह रुपये बढ़े



**नई दिल्ली:** मार्च के पहले ही दिन लोगों को महंगाई का झटका लगा है। तेल कंपनियों ने ग्राहकों को झटका देते हुए एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की है। नए रेट आज से जारी हो गए हैं। राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में हुई है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं हुआ है। बता दें कि दिल्ली से लेकर कोलकाता तक 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में 6 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

बता दें कि इससे पहले फरवरी महीने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 7 रुपए की कमी हुई थी, लेकिन इस महीने कीमत में 6 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ ही राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत अब 1803 रुपए हो गई है। इसी तरह मुंबई में 1755.50 रुपए, कोलकाता में 1913 रुपए और चेन्नई में 1965.50 रुपए हो चुकी है।

# बहस के बाद व्हाइट हाउस से निकाले गए जेलेंस्की

ट्रम्प के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द, यूक्रेनी राष्ट्रपति का माफी मांगने से इनकार

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में हुई बैठक अप्रत्याशित रूप से तनावपूर्ण हो गई। बैठक के दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की को फटकार लगाते हुए कहा कि वह लाखों लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस बहस के बाद अमेरिका और यूरोप के बीच यूक्रेन के मुद्दे पर गहरे मतभेद सामने आ गए।

ओवल ऑफिस में बढ़ा तनावः ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और जेलेंस्की के बीच लगभग 45 मिनट तक बातचीत चली, लेकिन अंतिम 10 मिनट में स्थिति और गरमा गई। उपराष्ट्रपति वेंस ने जेलेंस्की से कहा, राष्ट्रपति जी, ओवल ऑफिस में आकर अमेरिकी मीडिया के सामने इस मामले को उठाना अपमानजनक है। जेलेंस्की ने जब आपत्ति जताने की कोशिश की, तो ट्रंप ने तेज आवाज में कहा, आप तीसरे विश्व युद्ध को न्योता दे रहे हैं और यह देश के प्रति बहुत अपमानजनक है, जिसने आपको इतना समर्थन दिया है।



यूक्रेन को सीमित सैन्य सहायता देने का संकेत : ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका यूक्रेन को सैन्य सहायता देना जारी रखेगा, लेकिन वह बहुत अधिक हथियार नहीं भेजना चाहते। उन्होंने कहा, हम युद्ध समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि हम दूसरे काम कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की को रियायतें मांगने की स्थिति में नहीं बताया।

यूरोप ने दिखाया यूक्रेन के प्रति समर्थन : इस बहस के बाद यूरोप के कई नेताओं ने जेलेंस्की के प्रति समर्थन जताया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा, आपकी गरिमा ने यूक्रेन के लोगों की बहादुरी को दशार्या है। हम आपके साथ काम करते रहेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, रूस एक हमलावर है और यूक्रेन पीड़ित। हमने यूक्रेन की मदद करना सही समझा था और ऐसा करना जारी रखेंगे। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच शिखर सम्मेलन बुलाने की मांग की, ताकि यूक्रेन पर आगे की रणनीति तय की जा सके। जर्मनी के संभावित अगले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा, हम यूक्रेन के साथ हैं और हमें इस युद्ध में हमलावर और पीड़ित को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए।

यूक्रेन के समर्थन में अमेरिकी सांसदों की आलोचना : व्हाइट हाउस ने ट्रंप के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस की *'अमेरिका फर्स्ट'* नीति को जनता का समर्थन मिल रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और गृह सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने ट्रंप की प्रशंसा की। हालांकि, डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा, अमेरिकी लोग यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े हैं, भले ही ट्रंप रूस के साथ हों।

यूक्रेन ने सुरक्षा गारंटी मांगीः जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश तब तक रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल नहीं होगा जब तक उसे भविष्य में किसी हमले से बचाने की सुरक्षा गारंटी नहीं मिल जाती। उन्होंने कहा, ट्रंप को समझना होगा कि यूक्रेन रूस के प्रति अपने रुख को एक पल में नहीं बदल सकता।

**ट्रंप की आलोचना :** यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस द्वारा किए गए दो ड्रोन हमलों के बाद क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि जेलेंस्की यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के बिना किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं हैं। कीव के एक निवासी आर्टेम वसीलीव ने कहा कि ओवल ऑफिस में हुई बातचीत के दौरान अमेरिका ने पूरी तरह से अनादर दिखाया। उन्होंने कहा, ॢयूक्रेन पहला देश है जो रूस के सामने खड़ा हुआ है और हम लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पाकुड़ में मिला करोड़ों साल पुराना जीवाश्म, जीएसआई की टीम करेगी सर्वे

**पाकुड़:** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बरमसिया गांव में करोड़ों साल पुराना जीवाश्म मिला है। भुगर्भ शास्त्र ही नहीं बल्कि वनष्पति शास्त्र और प्राणी शास्त्र की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में जीवाश्म पाए जाने की सूचना के बाद इसके पुराने अस्तित्व की जानकारी के लिए उत्सुकता बढ़ गई है। साथ ही विशेषज्ञों के बीच पाकुड़ में पाए गए जीवाश्म को लेकर शोध के प्रति ललक बढ़ी है। जीवाश्म पाए जाने की सूचना मिलने के बाद निकटवर्ती साहिबगंज जिले के कई शोधकताओं द्वारा स्थल का निरीक्षण कर जीवाश्म के बारे में पूरी जानकारी हासिल की जा रही है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इन जीवाश्मों को सुरक्षित और संरक्षित करने की हर कोशिश में जुट गया है। पाए गए जीवाश्म के इतिहास पर भी कई तरह की चर्चा विद्यार्थियों के अलावे शोधकताओं के बीच हो रही है। वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरव चंद्रा का कहना है कि पाया गया जीवाश्म 8 से 10 करोड़ साल पुराना है। सौरभ चंद्रा ने बताया कि बरमसिया गांव में पाए गए जीवाश्म की सही और विस्तृत जानकारी हासिल करने के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम आगामी 4 मार्च को पाकुड़ आ रही है।



## दर्दनाक हादसा : शिप और नाव की टक्कर में 11 लोगों की मौत, 5 लापता

**चीन :** चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है और 5 अन्य लोग लापता हो गए। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, मंगलवार सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद 19 लोग पानी में गिर गए थे। हालांकि समय रहते 3 लोगों को बचा लिया गया था। घटना उस जगह पर घटी थी, जहां नदी औसतन 60 मीटर से अधिक गहरी और 500 मीटर चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान लगातार जारी है।

दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने शंघाई के समाचार पत्र को बताया कि नाव के जरिए ही वो लोग गांव से आना-जाना करते हैं। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे हादसा ,बस और ट्रक में टक्कर, 4 की मौत,19 घायल

**आगरा :** आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बस और ट्रक में टक्कर होने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब लखनऊ से आगरा जा रही बस ओवरटेक करते समय ट्रक से टकरा गई।

हादसा शनिवार सुबह करीब 5:40 बजे हुआ, जिसमें चार यात्रियों की मौत हो गई। थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बस लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के 27 किलोमीटर के पास ओवरटेक करते समय नियंत्रण खो बैठी और एक ट्रक से टकरा गई।

तिवारी ने आगे बताया, बस का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा के एसएन मोर्चरी भेज दिया गया। हादसे में 19 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए फतेहाबाद के संध्या अस्पताल ले जाया गया।

## सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर



**छत्तीसगढ़ :** सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। यह मुठभेड़ सुकमा के जंगलों में हुई, जहां सुरक्षा बलों की एक टीम सर्च ऑपरेशन पर थी। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप दो नक्सली मारे गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई और नक्सली वहां छिपा न हो। सुकमा जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां पहले भी सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो चुकी हैं। इस इलाके में नक्सल गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चला रखा है।

इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि इससे क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। पुलिस ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# उत्तराखंड हिमस्खलन : अब तक 50 मजदूरों को बचाया गया 4 की मौत, मरने वालों में झारखंड के मजदूर भी शामिल



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार को बर्फ का पहाड़ फिसलने से उसकी चपेट में 55 लोग आ गए। कल रात तक 33 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया था। जानकारी के मुताबिक 14 लोगों को आज सुबह निकाल लिया गया है वहीं 8 लोगों की तलाश जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना, आईटीबीपी, बीआरओ,एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान लगे हुए हैं। वहीं मौसम सुरक्षाबलों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। चमोली में रुक रुककर बारिश और बर्फवारी हो रही है जिससे रेस्कयू में दिक्कतें आ रही हैं। एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो पाई। सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर स्टैंड बाय पर है। घटना बद्रीनाथ से 3 किलोमीटर दूर चमोली के माणा गांव में हुई है। वहीं, सीएम धामी चमोली में ग्राउंड जीरों पर पहुंच गए हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक चमोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के कुल 57 लोग काम कर रहे थे, जिसमें से 2 लोग छुट्टी पर थे। घटना के समय सभी मजदूर कंटेनर हाउस में थे। उसी दौरान बर्फ का बड़ा हिस्सा पहाड़ से नीचे आया और मजदूर दब गए। एवलांच में फंसे 55 मजदूरों में बिहार के 11, उत्तर प्रदेश के 11, उत्तराखंड के 11, हिमाचल प्रदेश के 7, जम्मू-कश्मीर के 1 और पंजाब के 1 मजदूर शामिल हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी लिस्ट में 13 मजदूरों के नाम हैं, लेकिन उनका पता और मोबाइल नंबर नहीं है। बाकी मजदूरों की पूरी जानकारी है।

## सीएम धामी ने कहा- पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद देने का आश्वासन

**देहरादून :** उत्तराखंड में माणा के निकट हुए हिमस्खलन के कारण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के फंसे श्रमिकों के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। स्थिति का जायजा लेने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार शाम को आपदा नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और अधिकारियों को बचाव कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में राहत और बचाव कार्यों की जानकारी भी दी। साथ ही पीएम मोदी द्वारा राज्य को हर संभव मदद दिए जाने के आश्वासन के बारे में भी बताया।

मुख्यमंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रातःकाल मैंने माणा के निकट हुए हिमस्खलन में फंसे श्रमिकों के बचाव अभियान की विस्तृत जानकारी ली। जिन श्रमिकों को कल बाहर निकाला गया था, उनमें से गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को हायर सेंटर भेजने के लिए एयरलिफ्ट करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। मैं स्वयं भी चमोली के लिए रवाना हो रहा हूं। मौसम साफ होते ही राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जाएगी। प्रभु बदरी विशाल की कृपा और बचावकर्मियों के अथक परिश्रम से हम सभी फंसे श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे हैं। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बात कर जनपद चमोली के माणा में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने प्रदेश में हो रही बारिश और हिमपात की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री जी ने केंद्र सरकार की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। राज्य सरकार ने फंसे हुए मजदूरों के परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू की है, जो विभिन्न राज्यों से आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम बस यही प्रार्थना कर रहे हैं कि सभी लोग सुरक्षित बाहर आ जाएं।

न्यूज ब्रीफ

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**सोनाहातू :** जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में डीईओ ने विद्यालय के वर्ग कक्ष में जाकर छात्राओं से बात की तथा उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया साथ ही आइसीटी रूम , लाइब्रेरी , शिक्षक रूम ,कंप्यूटर कक्ष ,विज्ञान कक्ष, साफ सफाई , बागवानी का भी निरीक्षण किया । विज्ञान कक्ष में उन्होंने छात्राओं से कई तरह के सवाल पूछा। छात्राओं के जवाब से डीईओ संतुष्ट हुए साथ ही उन्होंने विद्यालय में बन रहे अतिरिक्त वर्ग कक्षों और छात्रावास के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया । मौके पर हेल्थ केयर का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने डीईओ के रक्तचाप लिया तथा सामान्य बतलाया । विद्यालय के दीवार में लिखे गए मैट्रिक और इण्टर के रिजल्ट से डीईओ बहुत प्रभावित हुए तथा उन्होंने वार्डेन और शिक्षिकाओं की क्रियाशीलता की प्रशंसा की । मौके पर डीईओ कार्यालय के अरुण कुमार, वार्डेन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो,सौरभ कुमार मौजूद थे ।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान



**सोनाहातू:** साख फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के बंता पंचायत में महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य कमलेश पातर मुंडा,ओर महिला समुह के सदस्यों की उपस्थिति में सीएलएफ ट्रेनर वीरेंद्र बैठा ने बताया कि आरबीआई इस पहल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है ।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफ एल डब्ल्यू 2025 की शुरूआत की है । यह अभियान 28 फरवरी तक चला। इस अभियान का विषय है, वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि किसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन सुख-दुख से निर्णय लेने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए जागरूक करना है। 2025 में इसका विशेष फोकस महिलाओं के समृद्धि पर है। आरबीआई के अनुसार महिलाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने से घरों की आर्थिक स्थिरता मजबूत होगी उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी बनेगी। ट्रेनर द्वारा बैंकिंग से जुड़े सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई




**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 100 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं :आईई. विभाग से अरुण कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक (आईई.); भर्ती विभाग से अर्चना सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); उत्खनन विभाग से धर्मेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. हेमंत केरकेट्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी; गांधीनगर अस्पताल से सुनील के. एन., मुख्य रेडियोग्राफर; कल्याण विभाग से गीता कुमारी, वरीय लिपिक एवं लपंगा ड्रिलिंग कैंप से मिटिक नाहक, रिगमैन।

समारोह में आईई. विभाग के विभागाध्यक्ष वीके. शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## मानव तस्करी मामले में एक महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार




**गिरिडीह:** काम का प्रलोभन देकर विधवा और अन्य महिलाओं की तस्करी करने के आरोप में गिरिडीह के जमुआ पुलिस ने एक महिला समेत 4 आरोपियों को दबोचने में सफलता पाई है। वही एसडीपीओ राजेंदर प्रसाद ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। इस दौरान एसडीपीओ और जमुआ थाना प्रभारी मणिकान्त ने बताया कि एसआईटी में शामिल टीम ने मानव तस्करी के आरोप में सुशीला देवी के साथ सुनील यादव यादव और बबलू कुमार को दबोचने में सफलता पाई। चारों आरोपी के निशानदेही पर एक महिला को भी इनके चुंगल से मुक्त कराया। एसडीपीओ ने बताया कि जमुआ इलाके की महिला को काम का प्रलोभन देकर दूसरे राज्य में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान डोमचाच पुलिस ने से चारों आरोपियों को दबोचा। एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पहले ही चारों आरोपी 4 विधवा को बाहर भेज चुके हैं, लिहाजा, चारों को इनके चुंगल से मुक्त कराने में पुलिस जुटी हुई है।

# जैक बोर्ड : सात- आठ मार्च को होगी हिंदी-विज्ञान की परीक्षा, जेएसी ने की संशोधित तिथियों की घोषणा

संवाददाता

**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने घोषणा की है कि कक्षा 10वीं की हिंदी और विज्ञान की स्थगित परीक्षा का आयोजन 7 और 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को एक अधिकारी द्वारा साझा की गई है।

7 मार्च को होगी हिंदी की परीक्षाः अधिकारी ने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 20 फरवरी को सोशल मीडिया पर पेपर लीक होने के बाद दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी थी। जेएसी द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, हिंदी की परीक्षा 7 मार्च को और विज्ञान की परीक्षा 8 मार्च को होगी।

पेपर लीक मामले में 10 लोग गिरफ्तारः झारखंड पुलिस ने हाल ही में कथित पेपर लीक के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। झारखंड में कड़ी सुरक्षा के बीच 11 फरवरी को कक्षा 10 (मैट्रिक) और कक्षा 12 (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुईं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 2,086 केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए 7.84 लाख से अधिक छात्रों ने नामांकन कराया है।




मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षाओं का शेड्यूलः बता दें कि मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 मार्च से 25 मार्च तक स्कूलों में आयोजित की जाएंगी। इंटर (कला, विज्ञान, वाणिज्य) की प्रायोगिक परीक्षाएं भी 10 मार्च से 25 मार्च तक 2 शिफ्टों में होंगी। वहीं,जैक ने प्रायोगिक एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी कर दिया है। इसके तहत माध्यमिक परीक्षा के लिए 11 मार्च से 26 मार्च तक जैक के वेबसाइट के माध्यम से छात्रों के प्रैक्टिकल अंक दाखिल किए जाएंगे।

गौरतलब हो कि झारखंड अकादमिक काउंसिल (जैक) ने कक्षा 10वीं के हिंदी और विज्ञान विषयों के पेपर सोशल मीडिया पर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी थी। वहीं अब झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा इन परीक्षाओं को दोबारा से आयोजित करवाया जाएगा। बता दें कि कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हुई हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा पहली पाली (9.45 बजे से 1 बजे तक) में आयोजित हो रही है। कक्षा 10 की परीक्षा में 4.33 लाख छात्र शामिल है। राज्य में कक्षा 10 की परीक्षा के लिए 1,297 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## वन विभाग की मनमानी से गोदाम बना दृश्य श्रव्य केंद्र

### हाथी प्रभावित गांवों के लिए खरीदे गए है सोलर व एलईडी, जरूरतमंदों के लिए नहीं



**सिल्ली :** वन विभाग ने सिल्ली चोरडेरा स्थित दृश्य श्रव्य केंद्र को गोदाम बना दिया है । दरअसल हाथी प्रभावित गांवों में रात को रोशनी देखकर हाथी नजदीक नही आये इसको लेकर 429 सोलर व एलईडी लाइट खरीदा गया है उन सभी सोलर व एलईडी लाइट को दृश्य श्रव्य केंद्र में रखा गया है। सूत्रों मिली जानकारी के मुताबिक जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे से वन विभाग ने 200 और पूर्व विधायक के फंड से 220 सोलर व एलईडी लाइट खरीद किया गया है वो भी एक ही एजेंसी से। हैरानी की बात कि हाथी प्रभावित गाँवों के लोगों का कहना है कि विभाग उक्त सोलर व एलईडी लाइट जहां जरूरत है वहां ना लगाकर राजनीतिक पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं के घर का आँगन में लगा रहा है। कई ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया सिल्ली में वन विभाग में लूट कोई नया नही करीब 70 लाख की लागत से बन रहा लांगहाट उद्घाटन से पहले ही ढह गया, पार्कों का निर्माण में भी बड़े पैमाने पर जनता की पैसा का लूट हुआ है यहां देखने और सुनने वाला कोई नही। विभाग में राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता हावी है।



## मांडर रेफरल अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में मरीजों की सुविधाओं पर चर्चा

**मांडर:** मांडर प्रखंड सभागार में आज रेफरल अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार समन्वयक समिति के सदस्य एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने की। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री ने अस्पताल में मरीजों के लिए दवाओं, वैक्सीन और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरी संसाधन हैं, उन्हें तुरंत उपलब्ध कराया जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा, उन्होंने प्रखंड के सभी सीएचओ, सहिया और अस्पताल कर्मचारियों के साथ हर महीने एक बार बैठक करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य उनकी समस्याओं को समझना और मरीजों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर अस्पताल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना है।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की मुलाकात, राजनीतिक हालात से कराया अवगत



**रांची :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची स्थित राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। दीपक प्रकाश द्वारा राज्यपाल को झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया गया।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार के दिन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें राज्य के राजनीतिक हालात से अवगत कराया। ज्ञात हो कि हेमंत सरकार के दोबारा गठन होने के बाद से ही मुख्य विपक्षी दल रेस हो चुकी है। बजट सत्र के दौरान भी भाजपा के तमाम विधायक आक्रमक नजर आ रहे हैं। तमाम मुद्दों को लेकर भाजपा झारखंड सरकार पर निशाना साध रही है।

झारखंड की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच भाजपा पूरी तरह से झारखंड सरकार पर हमलावर हो चुकी है। भाजपा द्वारा तमाम मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए नजर आ रही है। मैया सम्मान योजना को लेकर भाजपा का आरोप है कि झारखंड सरकार अपने वादे से मुकर जा रही है। जनवरी और फरवरी महीने का किशत अभी तक राज्य की महिलाओं के खाते में पैसे नहीं आए हैं, जिससे पता चल रहा है कि सरकार वादाखिलाफी कर रही है।

## आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल का आयोजन



**कोडरमाः** सीआईएसएफ केटीपीएस और कोडरमा की एनडीआरएफ टीम की भागीदारी के साथ डीवीसी केटीपीएस के क्लोरीनेशन प्लांट में आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल का उद्देश्य क्लोरीनीकरण संयंत्र में किसी आपदा की स्थिति में आपातकालीन स्थिति, तैयारी, समन्वय और प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करना था। इस अवसर पर मनोज कुमार ठाकुर सीजीएम एवं एचओपी, डीवीसी केटीपीएस उपस्थित थे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तिः पूनम कुजूर (अपर समाहर्ता, कोडरमा) अशोक कुमार (सीओ, चंदवारा) सूरज कुमार (इंस्पेक्टर, एनडीआरएफ सीआईएसएफ अधिकारी) दीपेंद्र सिंह (उप कमांडेंट, सीआईएसएफ) एसके. साहा (निरीक्षक संयंत्र सुरक्षा), सतीश कुमार (निरीक्षक, अग्निशमन), डीवीसी अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी अमन ज्योति जीएम, डॉ ए एम मिश्रा डीजीएम, अरुण दत्ता उप महाप्रबंधक, बलवंत सिंह डीजीएम लक्ष्मीकांत मंडल डीजीएम, सूरज पटनायक वरिष्ठ प्रबंधक, पीके. झा वरिष्ठ प्रबंधक, मांडवी झा वरिष्ठ प्रबंधक, आशिम अमिताभ परिदा वरिष्ठ प्रबंधक, अश्विनी शीत वरिष्ठ प्रबंधक सीआईएसएफ कार्मिक और केटीपीएस के डीवीशियन सुरक्षा उपायों को स्वीकार करने के लिए उपस्थित थे। धन्यवाद एवं सादर नवीन कुमार पीआरओ डीवीसी केटीपीएस।

# छह दिन बाद भी बाहर नहीं निकल पाए झारखंड के मजदूर, जिंदा बचने की संभावना कम!

संवाददाता

**रांची:** तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के निमार्णाधीन खंड का कुछ हिस्सा ढहने से सुरंग में फंसे 8 मजदूरों को 6 दिन बीत जाने के बाद भी बाहर नहीं निकाला गया है। आज रेस्क्यू का 7वां दिन है। फंसे मजदूरों में 4 झारखंड के मजदूर शामिल हैं। चारों गुमला के रहने वाले हैं। इनमें केवल 1 ही मजदूर शादीशुदा है।


**मलबा और पानी जमा होने के कारण रेस्क्यू में हो रही देरी :** अंदर फंसे मजदूरों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। न ही आवाज लगाने पर मजदूरों की तरफ से जवाब आ रहा है। बीते शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे (एससीआर) की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से काटने रास्ते से हटा रही है। नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआई) के वैज्ञानिक भी मौके पर पहुंचे हैं। ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, किसी भी मजदूर के जीवित मिलने की संभावना बहुत कम है। मलबा साफ करने और टनल के पानी को बाहर निकालने का काम चल रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसियों के 600 के करीब कर्मी जुटे हैं। उत्तराखंड के सिल्क्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। दरअसल, पानी और मलबा इस अभियान में कई बड़ी रूकावटें पैदा कर रहा है। सुरंग के अंदर मलबा और भारी उपकरण जमा होने के कारण, टनल रेस्क्यू ऑपरेशन अन्य सुरंगों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है।



इस अभियान में अब 11 राष्ट्रीय और राज्य एजेंसियां लगी हुई हैं। इनमें सेना, नौसेना, मार्कोस कमांडो, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, एमओआरपीएच , सिंगरेनी, एववाईडीआरएए, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, नवयुग और एलएंडटी सुरंग विशेषज्ञ और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) शामिल हैं। सिल्क्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने में मदद करने वाली रैट माइनर्स की टीम भी बचाव दल में शामिल है।

# झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आगाज आज

- असीम कुमार लीजेंडरी मॉडल अवार्ड से नवाजे जाएंगे
- 400 से अधिक झारखंड के कलाकारों को किया जायेगा सम्मानित
- झारखंड के कलाकारों की प्रस्तुति एवं पारंपरिक परिधान होंगे खास





संवाददाता

**रांचीः** रांची-झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफा) के छठे सीजन की शुरूआत शनिवार को होगी। उद्घाटन समारोह दोपहर तीन बजे होगा। इसमें 400 से अधिक झारखंड के कलाकारों को सम्मानित किया जायेगा। झारखंड के कलाकारों की प्रस्तुति एवं पारंपरिक परिधान खास होंगे। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मॉडल झारखंडी परिधान को मंच पर उतारेंगे। रैंप वॉक के माध्यम से झारखंड की कला संस्कृति और झारक्राफ्ट के उत्पादों को दिखाया जायेगा। इसके पहले चयनित फिल्मों का प्रदर्शन सुबह 10 बजे शुरू हो जायेगा। सबसे पहले स्कूली बच्चों को मैरीकॉम फिल्म दिखायी जायेगी। वहीं शाम चार बजे प्रसिद्ध गायिका ऊषा मंगेशकर रांची पहुंचेंगी।

लीजेंडरी मॉडल के अवार्ड से सम्मानित होंगे असीम कुमारः फिल्म महोत्सव में जाने-माने बिजनेसमैन व मॉडल असीम कुमार भी शामिल होंगे। उन्हें 60 साल से ऊपर के उम्रवाले लीजेंडरी मॉडल का अवार्ड राज्यपाल देंगे। असीम कुमार को कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। वे समाज सेवा, अंतरराष्ट्रीय मोटर बाइकिंग, मॉडलिंग, कविता और कुकिंग में खास रुचि रखते हैं। असीम कुमार की स्कूलिंग संत जेवियर स्कूल डोरंडा से हुई है। ग्रेजुएशन संत जेवियर कॉलेज रांची से किया है। इसके बाद बीआइटी मेसरा से बिजनेस में मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने 1989 में कोलकाता स्थित एक चमड़ा निर्यातक फैक्ट्री से करियर की शुरूआत की थी। फिर दो वर्ष पेरिस चले गये। 1992 से 1995 तक यूरोप, अमेरिका और इस्ट एशिया का भ्रमण किया। 1996 में नोएडा में अपनी निर्यात कंपनी स्थापित की। उनका कहना है कि रांची की पवित्र धरती पर जन्म लेना ही सबसे बड़ा प्रेरणा स्त्रोत रहा क्योंकि बिरसा मुंडा के संघर्ष से लेकर झारखंड राज्य की स्थापना तक यहां के लोगों ने संघर्ष देखा है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म महोत्सव से यहां की फिल्म इंडस्ट्री को एक्सपोजर मिलेगा।

# नियुक्ति से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक

**रांचीः** समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में आज अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामान्य/ चौकीदार के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा की गयी। बैठक में, पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू, डीएसपी जैप 2, जिला स्थापना उप-समाहर्ता रांची ज्योति वंदना कुजूर एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला अनुकम्पा समिति द्वारा निम्न रूपेण प्रस्तावों में नियुक्ति की अनुशंसा की गई।

-जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल- 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई।

-अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल-04 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई– निविदा आमंत्रित की जाती है– कार्य का नाम: Tender No. ELCJP/ PUHT-MEC/ NL/T/21/24. पुष्कर–मेड़ता नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में पुष्कर–कात्यासनी खंड के बीच एलटी / एचटी विद्युत ओवरहेड पॉवर लाइन ट्रैक क्रॉसिंग का संशोधन, कार्य की अनुमानित लागत: Rs.50867657.00, बयाना राशि जो जमा करनी है: Rs. 404300.00, कार्य पूर्ण होने की तिथि: 15 Months, निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय: 24.03.2025 Upto 15:00 Hrs., निविदा खुलने की तारीख व समय: 24.03.2025 at 15:30 Hrs., उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता: www.ireps.gov.in

254-PS/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में निवेश जागरूकता कार्यक्रम

## शेयर बाजार, पूंजी बाजार और ऋण बाजार की बुनियादी जानकारी दी गयी

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बाजार अवसंरचना संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के प्रबंधक और बिहार-झारखंड के बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख सैमराज नायर ने छात्रों को शेयर बाजार, पूंजी बाजार और ऋण बाजार की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना जानकारी के निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है और निवेश से पहले कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझना जरूरी है। उन्होंने म्यूचुअल फंड्स की कार्यप्रणाली पर भी संक्षेप में चर्चा की।

इसके बाद, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, सेबी के महाप्रबंधक, विकास एस.एस ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर निवेशकों के अधिकार, शेयर बाजार में सावधानियां और शिकायत निवारण प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सेबी बाजार में गड़बड़ी रोकने के लिए सख्त



कदम उठाता है, जैसे कंपनियों को पूंजी जुटाने से रोकना, अनुचित लाभ को जब्त करना और कानूनी कार्यवाही करना।

छात्रों ने निवेश से जुड़े कई सवाल पूछे, जिसका विस्तार पूर्वक महाप्रबंधक ने उत्तर दिया तथा मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज का फीडबैक फॉर्म साझा किया, जिसे छात्रों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताया। अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग की वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ. संहिता सुचरिता ने निवेश से संबंधित जानकारी को विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ साझा किया, उन्होंने बताया कि निवेश करने से पूर्व आप बाजार से अवगत हो जाएं और म्यूचुअल फंड व्यवस्थित निवेश योजना में निवेश करें, छोटे विविध निवेश दीर्घकाल में फायदा देंगे। कार्यक्रम में संकाय अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार गुप्ता सहित अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग संकाय के डॉ. लिंकन मोंडल, डॉ. आसिस कुमार मेहर, बड़ी संख्या में शोधार्थी तथा सैकड़ो छात्रों ने सहभागिता निभाई। कार्यकर्म के पूर्व मुख्य अतिथि को तुलसी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मंच संचालन मिस शालिनी तथा धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश मिश्रा ने किया।

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh**

**Very Short Tender e- Procurement Notice**

**E-Tender reference no- DWSD/HZB/Spare_Part/2024-25/08 Date- 28.02.2025**

| Sl. No | Particulars | Details | |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S. 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Hazaribagh for the year 2024-25 | |
| Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| Rs. 37,00,000/- | Rs 74,000/- | Rs. 5,000/- | 29.03.2025 |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 04.03.2025 at 05.00 PM | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 11.03.2025 upto 05.00 PM | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 12.03.2025 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribagh | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 12.03.2025 at 04:00 PM | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | |

Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

PR 347434 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# सेहतमंद रहने और लंबी आयु के लिए लें संतुलित आहार : डॉ.मीनाक्षी सिंह



मेट्रो रेज

**रांचीः** सही और पौष्टिक आहार दीर्घ आयु के आधार हैं। नियमित रूप से संतुलित आहार लेते रहना स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। उक्त बातें राजधानी रांची की जानी-मानी दंत चिकित्सक व पर्यावरणविद् डॉ.मीनाक्षी सिंह ने कही।

डॉ.सिंह ने कहा कि प्राचीन ऋषियों-मनीषियों ने भी प्रकृति से जुड़े रहकर आहार क्रम और जीवन शैली सुव्यवस्थित रखने का संदेश दिया है। आहार में अधिक मात्रा में जैविक उत्पादों (फल, सब्जियां, अनाज आदि) का प्रयोग स्वस्थ रखने में सहायक है। भोजन में ताजा और ऋतु के अनुसार सब्जियां, फल, अनाज और गैर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत भरे जीवन के लिए जरूरी है। बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से उत्पादित अनाज फल, सब्जियां व अनाज मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। प्राकृतिक स्रोत वाले भोजन पाचन तंत्र के लिए लाभप्रद और रोग प्रतिरोधक होते हैं। डॉ.सिंह ने कहा विभिन्न शोध से यह भी स्पष्ट हुआ है कि जैविक उत्पाद सूक्ष्म कोशिकाओं के स्तर पर कार्य करते हुए समय से पूर्व आने वाले बुढ़ापे को भी रोकने में सहायक होते हैं। वहीं, अत्यधिक मांसाहार और रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं से उत्पादित खाद्य सामग्री मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी रोग सहित अन्य बीमारियों को भी जन्म देता है। उन्होंने बताया कि जैविक उत्पाद स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होते हैं। अब धीरे-धीरे भारतीय रसोई में जैविक उत्पादों का प्रयोग बढ़ने लगा है। यह सराहनीय है। डॉ.सिंह ने कहा कि रोजमर्रा के तनाव, गलत और अनियमित खान-पान, निष्क्रियता के साथ जीवन जीना कई बीमारियों का कारण बन रही है। खानपान में मिलेट्स (मोटे अनाज) और जैविक उत्पादों के उपयोग की धारणा को आज के वैज्ञानिक अन्वेषण भी पोषित करते हैं। संतुलित आहार, नियमित क्रियाशील जीवन शैली, मानसिक अनुशासन आदि सेहत भरे जीवन का आधार हैं।

डॉ.सिंह ने बताया कि उन्होंने रांची जिले के ठाकुरगांव में नंदिनी गिर फार्म्स की स्थापना की है। जहां जैविक खेती की जाती है। यहां से उत्पादित फल, अनाज,दूध, दही , पनीर व सब्जियां आदि राजधानी के न्यू एजी कॉलोनी, कडरू में ऑर्गेनिक बास्केट में उपलब्ध हैं। नंदिनी गिर फार्म्स में उत्पादित दूध, दही, पनीर, मिष्ठान व अन्य उत्पाद ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं।

# श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन समिति ने किया भक्तिमय जागरण का आयोजन



संवाददाता

**रांचीः** श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन समिति हेसल के तत्वावधान में झारखंड के मशहूर जागरण मंडली द्वारा संगीत संध्या एवं भक्तिमय जागरण का आयोजन श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर हेसल के निकट किया गया जो प्रातःमहाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ।

धनबाद के मशहूर जागरण मंडली आनंद पांडे,गायिकी जया एवं प्रिया ने

*हमसे भंगिया पिसायक हे गणेश के पापा नहियर जात बानी हे गणेश के पापा,**

*ओम नमः शिवाय,शंभू ओम नमःशिवाय* ,

*होलिया में उड़ेला गुलाल*

आदि गाने पर रात भर श्रोताओं को नचाया एवं झुमाया। इस भक्तिमय जागरण को सफल बनाने में मुख्यरूप से समिति के अध्यक्ष राजीव प्रवीण सिंह, मुख्य आयोजन प्रभारी विनोद कुमार साहू,मुख्य संरक्षक नीरज कुमार,महिला अध्यक्ष रागिनी देवी,दीक्षा सिंह,प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा सहित बबलू सिंह,लाल अजयनाथ शाहदेव, अविनाश मिश्रा,मंटू कुमार,मुन्ना पाहन, सानंद कुमार सिंह,जितेंद्र गुप्ता,राहुल बिहारी,डब्लू सिंह, दिनेश गुप्ता,पंकज सिंह,धर्मेंद्र कुमार,अशोक वर्मा,विजय नायक,संजय सिंह, कुमारी अनिता,नीतू गुप्ता,रजनी रंजन, प्रतिभा कुमारी,पुष्पा देवी व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न : राहुल मुर्मू अध्यक्ष व रोहित रजक बने उपाध्यक्ष



**रांचीः** पुलिस एसोसिएशन के 28 फरवरी को हुए चुनाव में 1056 मतदाताओं में से 996 ने अपने मतों का प्रयोग किया। प्रत्याशियों को वोट करने के लिए पुलिस डेलीगेट में काफी उत्साह देखा गया । सभी ने मजबूत संगठन बनाने की दिशा में मतदान किया। आज के मतदान के बाद काउंटिंग में अध्यक्ष पद पर राहुल मुर्मू ,उपाध्यक्ष पद पर रोहित रजक एवं महताब आलम ,महामंत्री के पद पर संजीव कुमार संयुक्त सचिव के पद पर राकेश कुमार पांडे एव संतोष महतो संगठन सचिव में मंटू कुमार विजय घोषित किए गए।

**कार्यालय**
**नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक: 309 खूँटी, दिनांक: 28.02.2025

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024**

**आम सूचना**

नगर पंचायत, खूँटी की ओर से शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि अपने–अपने घरों में शौचालय का उपयोग कर बीमारी से मुक्ति पायें। समय से होल्डिंग टैक्स/जलकर का भुगतान करें। दुकानों/प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबीन रखें, ताकि हमारे शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अव्वल आ सके। अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

खूँटी नगर पंचायत क्षेत्रांर्न्तगत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच, पेशाब एवं कचड़ा फेंकना दण्डनीय अपराध है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर निम्नरुपेण दण्ड का प्रावधान है:–

| क्र0 | वर्ग | जुर्माने की राशि |
|---|---|---|
| 1 | खुले में शौच | 50 रुपये प्रत्येक बार |
| 2 | खुले में पेशाब | 25 रुपये प्रत्येक बार |
| 3 | खुले में कचड़ा फेंकना | 50–1500 रुपये प्रत्येक बार |

" आप करें सहयोग खूँटी शहर होगा स्वच्छ सुन्दर एवं साफ"

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.347381 Urban Development(24-25):D

# तारा नगर के पंच मंदिर का प्रथम वर्षगांठ भव्य तरीके से मनाने का निर्णय

## 6 मार्च को मनाई जायेगी वर्षगांठ

मेट्रो रेज

**रांची :** अरगोड़ा पुंदाग सिमान वार्ड नंबर 36 पीपर टोली नागड़ा ढीपा तारा नगर आवासीय परिसर में स्थित पंच मंदिर परिसर में संध्या पहर आवासीय परिसर में रहने वाले सभी परिवारों ने पंच मंदिर तारा नगर का प्रथम वर्षगांठ समारोह कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। इस समारोह में पंच मंदिर में 6 मार्च दिन गुरुवार को मुख्य पंडित रवि पांडेय, सहायक पंडित रवि शंकर पांडेय जी अपने सहयोगियों से सुबह 9 बजे कलश, बेदी पूजन से पूजा आरंभ करेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे महा स्नान श्रृंगार पूजन, मंत्र उच्चारण पाठ,महाआरती, हवन के बाद महाप्रसाद वितरण किया जाएगा, जो निरंतर श्रद्धालुओं के बीच जारी रहेगा। 3 बजे अपराह्न से रांची झारखंड के मशहूर ब्राह्मण जागरण दल द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ की संगीतमय प्रस्तुति भक्तों माताओं बुजुर्गों बहनों के बीच करेगी। संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्ति संगीत की मशहूर कलाकार खुशबू रानी एवं गणेश गोलू जी की जुगल जोड़ी द्वारा भक्ति संगीत के रूप में अमृत वर्षा होगी। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में तन मन धन से मंदिर संचालन समिति के मुख्य संरक्षक बीरेंद्र साहु, चितरंजन प्रसाद, छोटन सिंह, जयलाल चौधरी, विवेक कुमार,अध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव श्रीनिवास,कोशाध्यक्ष अमित अग्रवाल , सतीश सिन्हा,अशोक साहु, शशि भूषण प्रसाद, श्याम सुंदर सिंह, गौरीशंकर प्रसाद,नंदन तिवारी, संजय चौधरी, संजय पाल, प्रो रत्नेश चिरंजीवी,सिद्धार्थ सिंह, गोपाल महतो, सुजीत सागर,टूनू जी, दिनेश प्रसाद, विनय श्रीवास्तव, विजय साहु,राजेश्वर नायक, रामबाबू चौधरी, रामेंद्र सिन्हा,अनुराग पाण्डे, रंजन कुमार, डा शौरव, अशोक शर्मा,साकेत कुमार, रमेश झा,कुमुद झा, नीरज भदानी, प्रमोद झा,जैसे सभी लोग अपने अपने स्तर से आयोजन में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में अगल बगल के सभी मंदिर संचालन समिति, विभिन्न धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों, मंदिर निर्माण कराने में सम्मानित दानदाताओं,स्थानीय समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है। तारा नगर आवासीय परिसर में रहने वाले सभी परिवार जनों द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत में शामिल रहेंगे।



**कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, एन.आर.ई.पी., खूँटी**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,खूँटी
2. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
3. परिमाण बिक्रि की तिथि :– 8.03.2025 (1:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– 10.03.2025 (1:00 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
6. निविदा खोलने की तिथि :– 11.03.2025 (1:00 बजे अपराह्न)
7. निविदा खोलने की स्थान :– कार्यालय एन0आर0ई0पी0, खूँटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | धुनसुली पंचायत अन्तर्गत ग्राम धुनसुली में गिरजाघर से जबुतरा तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 6.70600 | 13500.00 | 1250.00 | 45 दिन | कार्य के अनुरूप |
| 2 | खूँटी | लान्दुप पंचायत अन्तर्गत ग्राम रांगरोंग चण्डीबुरु से गोगाडीह तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 20.11600 | 40500.00 | 5000.00 | 45 दिन | कार्य के अनुरूप |
| 3 | तोरपा | दियाँकेल पंचायत अन्तर्गत ग्राम मनहातु, अम्बाटोली में अनुज कुजूर के घर से अमर भेंगरा का खलाड़ी टांड तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 24.90600 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन | कार्य के अनुरूप |
| 4 | मुरहू | केवड़ा पंचायत अन्तर्गत ग्राम जामुनपीढ़ी केवड़ा–कण्डीर पथ से जामुनपीढ़ी पादुर अखड़ा तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 24.96500 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन | कार्य के अनुरूप |

नोट:– 1. निविदा से संबंधित अन्यशर्तें कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,खूँटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामिण विकास विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगें।
3. Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
4. निविदा प्रकासन के बाद का ही 2 प्रतिशत FD एवं Tender Fee अद्योहस्ताक्षरी के नाम से प्रतिश्रित (Pledge)मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता ,
एन0आर0ई0पी0, खूँटी।

PR.NO.347457 NREP(24-25):D

## सुविचार

संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है, असंभव से आगे निकल जाना।

## अपराध का जाल

**म्यांमार** के साइबर क्राइम अड्डों से 70 भारतीयों को जिस तरह छुड़ाया गया, उससे पता चलता है कि यह समस्या कितनी गंभीर है। साइबर अपराधियों का जाल बहुत फैला हुआ है और खत्म करने के लिए साझे प्रयास की जरूरत है। साइबर अपराधी अब पहले से ज्यादा संगठित और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। म्यांमार में ही जो भारतीय फंसे हुए थे, उन्हें नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया था। काम और जगह कोई और बताई गई, फिर धोखा देकर साइबर क्राइम में धकेल दिया गया। छुड़ाए गए भारतीयों में गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, यूपी समेत कई राज्यों के लोग हैं। इतना बड़ा अपराध संगठित नेटवर्क के बगैर नहीं चल सकता। जब तक इस नेटवर्क को खत्म नहीं किया जाता, आम लोग इसके चंगुल में फंसते रहेंगे। म्यांमार का म्यावाडी वैसे भी साइबर अपराध के लिए बदनाम है। यहां करीब 2000 भारतीय फंसे हुए हैं। इनमें से ज्यादातर से जबरदस्ती ऑनलाइन ठगी कराई जा रही है। अभी जो रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ, उसे म्यांमार की बॉर्डर गार्ड फोर्स ने अंजाम दिया है। भारत और दूसरे देशों को इस मामले में म्यांमार का सहयोग लेना चाहिए और जरूरत पड़े तो मदद करनी चाहिए ताकि इस अड्डे को पूरी तरह खत्म किया जा सके। यहां दूसरे मुल्कों के लोग फंसते ही नहीं हैं, बल्कि यहीं से उन मुल्कों के लोगों को फंसाया भी जाता है। आज साइबर अपराधियों की जद से कुछ भी बाहर नहीं है। अनुमान है कि इस साल तक साइबर क्राइम की वजह से होने वाला नुकसान 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। 10 साल पहले यह आंकड़ा 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास था। यानी, साइबर अपराधियों ने दुनियाभर की सरकारों की नाक के नीचे इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था खड़ी कर ली है, जिसकी यदि देशों से तुलना की जाए तो तीसरे नंबर पर आएगी। यही पैसा फिर आतंकवाद और अराजकता फैलाने में इस्तेमाल होता है। जून 2022 के बाद से म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और थाईलैंड से 600 से अधिक भारतीयों को रेस्क्यू किया जा चुका है। इसका एक मतलब यह भी है कि साइबर क्रिमिनल्स पर फुटकर हमलों का असर नहीं हो रहा। वे पहले की तरह ही आम लोगों को जरिया बनाकर आम लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। इसे खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की जरूरत है।

## अमेरिका रूस साथ-साथ

**रूस-यूक्रेन** युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र के मंच पर दिखी रस्साकशी ने यह स्पष्ट कर दिया कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बने और उस समय से लगभग निरंतरता में चले आ रहे वैश्विक समीकरण बिल्कुल बदल चुके हैं। इसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ वाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका और यूरोप के बीच की यह दरार और गहरी दिखी। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर सोमवार को दिखा वह दुर्लभ दृश्य वाकई ऐतिहासिक कहा जाएगा जब यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रस्ताव पर अमेरिका और रूस एक पाले में खड़े थे और अमेरिका के निकट सहयोगी माने जाने वाले ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश उनका विरोध कर रहे थे। स्थिति यह हुई कि अमेरिका को संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाए अपने ही प्रस्ताव पर वोटिंग से दूर रहना पड़ा क्योंकि उसमें ऐसे संशोधन मंजूर कर लिए गए, जो उसे स्वीकार्य नहीं थे। इस सारी हलचल की वजह यह है कि राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका के रुख में अचानक 180 डिग्री का फर्क आ गया है। अमेरिका अब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की को तानाशाह बता रहा है जबकि यूरोपीय देश रूस को हमलावर राष्ट्र के रूप में चित्रित करने पर अड़े हुए हैं। इस टकराव का साया सोमवार को ही वाइट हाउस में हुई ट्रंप-मैक्रों मुलाकात के दौरान भी नजर आया। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जहां ट्रंप ने पूतिन से हुई बातचीत के हवाले से शांति की संभावना जताई वहीं मैक्रों ने साफ किया कि इस शांति का मतलब यूक्रेन का समर्पण नहीं हो सकता, न ही बिना किसी गारंटी के युद्ध विराम हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता की पूरी गुंजाइश होनी चाहिए। जहां तक भारत का सवाल है तो वह पहले से ही खुद को निष्पक्ष नहीं बल्कि शांति का पक्षधर बताता रहा है। ऐसे में सभी पक्षों के प्रयास से रूस-यूक्रेन युद्ध बंद होता है और शांति की कोई राह निकलती है, तो वह निश्चित रूप से पूरी दुनिया के लिए सुकून की बात होगी। लेकिन जिस तरह के मतभेद पश्चिमी खेमे में उभरे हैं, वे तुरंत मिटने वाले नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों का नया स्वरूप इन नई वास्तविकताओं के बीच से ही उभरेगा।

# क्रूरता का रूप ले रही रैगिंग पर नियंत्रण जरूरी

रैगिंग को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए सुनिश्चित करें कि तत्काल निष्कासन, कानूनी मुकदमा और उसे ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाए। खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करने की जरूरत है।

**प्रियंका सौरभ**

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से रैगिंग एक गंभीर बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के कारण 78 छात्रों की मौत इस समस्या के भयावह चेहरे को सामने रखती है।

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की वजह से रैगिंग होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल संस्थानों में छात्रों को ₹लचीला बनाने₹ के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को दीक्षा अनुष्ठान की तरह देखते हैं। साल 2023 में जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग को ₹बॉन्डिंग प्रक्रिया₹ के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक, पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं।

रैगिंग को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए सुनिश्चित करें कि तत्काल निष्कासन, कानूनी मुकदमा और उसे ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाए। खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करने की जरूरत है। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेजी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को नियंत्रित रखता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी लगाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने सीसीटीवी निगरानी और छात्र प्रोफाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है।

रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सुरक्षित और देखभाल करने वाला वातावरण स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना महत्त्वपूर्ण है। रैगिंग खत्म करने के लिए बहुआयामी रणनीति, कठोर कानूनी सुरक्षा और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है। संस्थागत जवाबदेही और प्रौद्योगिकी-संचालित निगरानी यह गारंटी देगी कि उच्च शिक्षा संस्थान भय के बजाय सुरक्षा, समावेशिता और समग्र विकास के स्थान हैं।

यूजीसी को उन संस्थानों के खिलाफ खंड 9.4 का उपयोग करना चाहिए जो इससे संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते। अपराधियों को कड़ी सजा मिले, इसकी गारंटी के लिए फास्ट-ट्रैक ट्रायल और पुलिस सत्यापन जरूरी है। छात्रावासों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए जो एआई-आधारित चेहरे की पहचान का उपयोग करते हैं। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए एक डिजिटल आईडी-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परामर्श और एंटी-रैगिंग कार्यशालाओं को लागू करना अनिवार्य होना चाहिए। छात्र मेंटरशिप कार्यक्रमों द्वारा एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूजीसी हेल्पलाइन की प्रतिक्रिया समय और पहुँच में सुधार की आवश्यकता है। ऐसे डिजिटल शिकायत पोर्टल होने चाहिए जो गुमनाम हों और सीधे पुलिस अलर्ट प्रदान करें।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# प्रोसेस्ड, फास्ट फूड से बढ़ता स्वास्थ्य संबंधी जोखिम

बढ़ता मोटापा, मधुमेह की समस्याः मोटापा और मधुमेह दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारे शरीर को स्वस्थ कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, जिसे मक्खन, दूध और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त किया जा सकता है। हमारे शरीर को खराब कोलेस्ट्रॉल से नुकसान होता है। सड़क पर फास्ट फूड तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खाना पकाने के तेल में उच्च ट्राइग्लिसराइड (खराब कोलेस्ट्रॉल) सामग्री होती है, जिसे खाने से खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण बदल रही है। यह प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का भी कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।



फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फास्ट फूड, जिसमें कैलोरी, चीनी और खराब वसा अधिक होती है, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम और वजन बढ़ाता है। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। आजकल, बहुत से युवा फास्ट फूड पसंद करते हैं क्योंकि यह सुविधाजनक, स्वादिष्ट और जल्दी बनने वाला होता है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी वे इसे खाना जारी रखते हैं। व्यस्त जीवन शैली में, फास्ट फूड को जल्दी से जल्दी खाना सुविधाजनक है। वे भीड़ का अनुसरण करते हैं क्योंकि उनके दोस्त भी इसे पसंद कर सकते हैं।

स्वाद के लिए स्वास्थ्य का जोखिमः फास्ट फूड जल्दी से जल्दी खाने और स्वाद के लिए बनाया जाता है और यह ज्यादा पका हुआ, अत्यधिक प्रोसेस्ड होता है। मानव शरीर बिना प्रोसेस्ड, अत्यधिक रेशेदार और कम से कम पके हुए खाद्य पदार्थों के लिए बना है इसलिए वे पूरी तरह से अनुपयुक्त हैं। फास्ट फूड से शुगर स्पाइक्स इंसुलिन प्रतिरोध, वजन बढ़ने, वसा संश्लेषण और मधुमेह में पैदा करते हैं। भारत में फैलते फास्ट फूड उद्योग में बर्गर, पिज्जा, पानी-पूरी व चाट मसाला कियोस्क और पावभाजी-समोसा के ठेले शामिल हैं।

बढ़ता मोटापा, मधुमेह की समस्याः मोटापा और मधुमेह दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारे शरीर को स्वस्थ कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, जिसे मक्खन, दूध और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त किया जा सकता है। हमारे शरीर को खराब कोलेस्ट्रॉल से नुकसान होता है। सड़क पर फास्ट फूड तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खाना पकाने के तेल में उच्च ट्राइग्लिसराइड (खराब कोलेस्ट्रॉल) सामग्री होती है, जिसे खाने से खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सात्विक आहार जो हिंदू रीति-रिवाजों का प्रमुख हिस्सा है, उनकी जगह आधुनिक आहार ले रहे हैं। पारंपरिक खानपान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। अकेले खाने और स्विगी और जोमैटो जैसी ऑनलाइन भोजन वितरण सेवाओं के बढ़ने के परिणामस्वरूप लोगों के साथ मिलकर खाने का तरीका बदल गया है।

विज्ञापन का मायाजालः फास्ट फूड कंपनियाँ अपने उत्पादों को कूल और मनोरंजक दिखाने के लिए भ्रामक विज्ञापन का उपयोग करती हैं, जो इसके विस्तार की एक और वजह है लोगों और खासकर युवाओं को आकर्षित करने के लिए इसके प्रचार के लिए दुनिया के नामीगिरामी हस्तियों का चेहरा इस्तेमाल होता है और आकर्षक नारों व टैगलाइन का सम्मोहन अलग होता है। अपनी बुद्धिमत्ता और शिक्षा के बावजूद लोग कभी-कभी अपने स्वास्थ्य पर संभावित हानिकारक प्रभावों पर विचार करने के बजाय फास्ट फूड खाने को प्राथमिकता देते हैं। उन्हें भी पता है कि यह अच्छा विकल्प नहीं है लेकिन वे इसे चुनते हैं क्योंकि यह बहुत सरल और स्वादिष्ट है। चूँकि लोग घर के बने खाने की जगह सुविधाजनक भोजन चुन रहे हैं, इसलिए खानपान की आदतें बदल रही हैं।

प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का इस्तेमालः राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में युवा लोग ज्यादा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। बाजरा जैसे पारंपरिक अनाज की जगह रिफाइंड अनाज और पैकेज्ड खाद्य पदार्थ ले रहे हैं। बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष की शुरूआत की थी। प्रोसेस्ड, उच्च वसा, उच्च चीनी वाले पश्चिमी आहार की बढ़ती संख्या पारंपरिक संतुलित भोजन की जगह ले रही है। मैकडॉनल्ड्स, केएफसी और डोमिनोज के तेजी से बढ़ने के कारण भारत में शहरी खानपान की आदतें बदल गई हैं।

संकट में खानपान से जुड़ी हमारी विशिष्टताः वैश्वीकरण के कारण क्षेत्रीय व्यंजन अपनी विशिष्टता खो रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में किण्वन-आधारित आहार और अन्य पारंपरिक खाना पकाने की तकनीकें लोकप्रिय नहीं हो रही हैं। खानपान की बदलती आदतों के कारण त्योहारों और धर्मों से जुड़ी खास पाक परंपराएँ अपना महत्त्व खो रही हैं। पारंपरिक खानपान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं के कारण स्ट्रीट वेंडर और स्वदेशी खाद्य सामग्री के व्यापार चुनौतियों का सामना करते हैं।

कुपोषण और स्वास्थ्य प्रभावः अधिक प्रसंस्कृत भोजन खाने के परिणामस्वरूप हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे के शिकार लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। आहार सम्बंधी आदतों में आए इस बदलाव के कारण भारत में 101 मिलियन मधुमेह रोगी हो गए हैं। खपत के पैटर्न में बदलाव के कारण पारंपरिक फसलों की मांग में कमी आई है, जिसका असर किसानों के मुनाफे पर पड़ा है। नीति आयोग (2022) के अनुसार, ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था बनाए रखने के लिए फसल विविधीकरण महत्त्वपूर्ण है। छोटे पैमाने के खाद्य व्यवसाय, पारंपरिक भोजनालय और पड़ोस के खाद्य विक्रेता सभी वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं से प्रभावित हैं।

अपनी नींव को बनाए रखते हुए, भारत की विविध पाक संस्कृति को बदलना होगा। टिकाऊ खाद्य नीतियों, देशी फसलों के समर्थन और संतुलित आहार जागरूकता के कार्यान्वयन के माध्यम से आधुनिकीकरण द्वारा पारंपरिक खाद्य विविधता और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ाया जा सकता है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि कभी-कभार फास्ट फूड खाने से आपके सामान्य स्वास्थ्य पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से अंततः कई स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए इसे सीमित करना लक्ष्य है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# फुलेरा दूज पर श्रीकृष्ण ने गोपियों संग खेली थी फूलों की होली

हर साल फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जाता है। यह बसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक माना जाता है। इस दिन से होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वहीं फुलेरा दूज के दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के साथ भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा का विधान है। इस बार 01 मार्च 2025 को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जाएगा। तो आइए जानते हैं फुलेरा दूज पर पूजा का शुभ मुहूर्त और पूजन विधि के बारे में...



**पूजा का शुभ मुहूर्त :** फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को फुलेरा दूज मनाया जाता है। 01 मार्च 2025 की सुबह 03:16 मिनट से द्वितीया तिथि की शुरूआत हो रही है, वहीं अगले दिन यानी की 02 फरवरी 2025 को इस तिथि की समाप्ति हो जाएगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 01 मार्च 2025 को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जा रहा है।

**शुभ मुहूर्त :** इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 06: 47 मिनट से सुबह 11:23 मिनट तक रहेगा।

बता दें कि फुलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। इस दिन शुभ कार्य करने के लिए समय देखने की जरूरत नहीं होती है। इसलिए इस दिन ग्रह-प्रवेश, वाहन, भूमि-भवन की खरीददारी या शादी आदि शुभ कार्य किसी भी समय किए जा सकते हैं।

**पूजा विधि :** इस दिन सुबह स्नान-ध्यान के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें और फिर भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करें। भगवान कृष्ण और राधा रानी पर पुष्प अर्पित करें। क्योंकि माना जाता है कि फुलेरा दूज पर श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ होली खेली थी। पूजा करने के बाद आरती पढ़ें और अंत में माखन-मिश्री व खीर आदि का भोग लगाएं। इस दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से जातक के जीवन में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है।

**फुलेरा दूज का महत्व :** यह त्योहार प्रकृति की सुंदरता और जीवन की नवीनता का उत्सव माना जाता है। इस दिन जो भी जातक पूरे श्रद्धा भाव से भगवान कृष्ण और देवी राधा की पूजा करता है, उसके वैवाहिक और प्रेम संबंधों में निखार आता है।

## सेहत

### हाई बीपी कंट्रोल करने के लिए जटामांसी का करें उपयोग

आजकल बढ़ते तनाव, खराब डाइट, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और लाइफस्टाइल की वजह हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन एक आम समस्या बन गई। कई बार लोग लंबे समय तक इस समस्या से अंजान रहते हैं। क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं। यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकती है। जैसे- स्ट्रोक, दिल की बीमारी और किडनी की समस्या। हालांकि पारंपरिक दवाइयों से इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है। आयुर्वेद में हाई बीपी के इलाज के लिए नेचुरल उपाय बताए गए हैं। इन्हीं में से एक औषधि है जटामांसी, जिसका आयुर्वेद में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए एक प्रभावी उपाय माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए जटामांसी का उपयोग कैसे करना चाहिए।

**हाई बीपी के लिए जटामांसी** : हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाई ब्लड प्रेशर को नजरअंदाज करना बेहद खतरनाक माना जाता है। अगर आप समय रहते इसको कंट्रोल नहीं करते हैं, तो यह आपको गंभीर खतरे में डाल सकते हैं। आयुर्वेद में इस समस्या को प्राकृतिक तरीकों से प्राकृतिक तरीकों से कंट्रोल करने के कई प्रभावी उपाय बताए गए हैं। जटामांसी को बालछड़ भी कहा गया है। इसको आयुर्वेद में एक जरूरी औषधि माना गया है। हाई बीपी को कंट्रोल करने में विशेष भूमिका निभाती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो मार्केट में मिलने वाली जटामांसी का 90% हिस्सा नकली होता है। यह नकली जटामांसी बिना तेल के होती है और इसका प्रभाव खत्म हो जाता है। इसलिए हमेशा डॉक्टर की सलाह पर असली जटामांसी का उपयोग करें। मांसपेशियों को आराम देने और मानसिक शांति प्रदान करने के लिए जटामांसी जानी जाती है। इसका इस्तेमाल बीपी को कम करने और हार्ट की हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। अगर इसका सही तरीके से और सही मात्रा में इस्तेमाल किया जाए, तो हाई बीपी को कंट्रोल करने का नेचुरल और प्रभावी उपाय हो सकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का समापन

# यहां की संस्कृति की पहचान है हिजला मेला : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका :** 21 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन हिजला गांव में शुक्रवार को किया गया ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दुमका, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मसलिया एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय



जामा इत्यादि द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में इंडियन आइडल सीजन 6 में अपनी जगह बनाने वाले गायक रजत आनंद ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इसके बाद सरायकेला से आए कलाकारों ने नटुआ नृत्य प्रस्तुत किया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि सभी के सहयोग से ही इस मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका है। इसके लिए आप सभी को आभार। हिजला मेला यहां की संस्कृति का परिचायक है। यह मेला यहां की संस्कृति यहां की आत्मा को संजोए रखने का कार्य कर रही है। इस दौरान सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित हिजला मेला की स्मारिका का विमोचन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 में घड़ा उतार प्रतियोगिता में चांदो पानी मुरु टोला के टीम ने घड़ा उतारकर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। इस दौरान घड़ा उतार प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों का जिला प्रशासन द्वारा हौसला बढ़ाया गया। मौके पर सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहिबगंज के प्रांगण में शनिवार की सुबह से ही ए-, बी-, एबी+, एबी-, ओ- ब्लड ग्रुप की कमी है। आपकी एक छोटी पहल सी किसी की जिंदगी बचा सकती है। रक्तदान महादान सदर अस्पताल साहिबगंज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जबकि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अपील करते हुए कहा था कि रक्त की एक बूंद भी अनमोल है। आइए, मानवता की सेवा में आगे बढ़ाऐ और जरूरतमंदों की मदद करें। रक्तदान के लिए योग्यताएँ 18-50 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं।रक्तदान सेहत के लिए फायदेमंद है। और शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। पुरुष हर 3 महीने और महिलाएं हर 4 महीने में रक्तदान कर सकते



हैं।आपका एक कदम किसी के जीवन की नई उम्मीद आइए, इस पुण्य कार्य में सहभागी बनेने की प्रक्रिया जारी । जैफ नौ का जवान झारखंड पुलिस बल, दीपक कुमार पासवान, त्रिलोकी प्रसाद महतो , हवलदार हरे कृष्णा सिंह ,संतोष कुमार सिपाही, हवलदार सुनील कुमार सिंह सहित सिविल सर्जन और मोहम्मद अजहर जाहिद अली शुभम कुमार ,गुड़िया कुमारी स्वास्थ्य कर्मी आदित्य कुमार सिविल सर्जन कार्यालय कुर्मी भी रक्तदान करते नजर आए । समाचार लिखे जाने तक रक्तदान शिविर में लगी रही भीड़।

## न्यूज IN ब्रीफ

### युवक का शव बरामद, क्षेत्र में सनसनी



**साहिबगंज :** शहर के गोपालपुल के नीचे बड़े नाला से शनिवार की सुबह नगर थाना पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव का शिनाख्त गुल्ली भट्टा के कालाधर झा के पुत्र दिलीप झा 55 के रूप में किया गया है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। नगर थाना पुलिस के अनुसार युवक के सिर में चोट के निशान है। सुबह ही स्थानीय लोगों ने नाले में औंधे मुंह गिरा एक का शव को देखा और नगर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पुअनि प्रवीण प्रभाकर सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है। कि युवक प्रतिदिन शराब का सेवन करता था। पुलिस प्रथम दृष्टया उम्मीद जता रही है। कि युवक पुल से शराब के नशे में गिर गया होगा। औंधे मुंह गिरने से सिर में चोट लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र सुमित झा ने बताया कि उनके पिता रात में घर नहीं आए, तो उन लोगों ने खोजबीन की। सुबह पता चला कि एक शव गोपालपुल में गिरा हुआ है। आकर देखा तो शव उनके पिता की थी। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है।

### आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मिलकर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# कृषि संकुल पर एक दिवसीय कार्यशाला

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड के बरहेट बाजार संकुल में समेकित कृषि संकुल के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरहेट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक साहिबगंज जिला प्रबंधक लाइवलीहुड साहिबगंज प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस कार्यशाला में बरहेट बाजार के क्लस्टर की दीदियाँ लगभग 60 की संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अनिरुद्ध सर के द्वारा कृषि प्रणाली में सुधार कैसे किया जाए, कृषि को व्यापार से जोड़ने की प्रक्रिया एवं इस क्लस्टर के तहत संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।इसके अलावा जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि इस



क्लस्टर के माध्यम से महिलाओं को किस प्रकार से व्यापार से जोड़ा जाएगा, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जाएगा एवं किस तरह से इस क्लस्टर को वैल्यू चेन मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा लोन, एग्रीकल्चर लोन एवं अन्य कृषि संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं अपने व्यापार को और अधिक विस्तारित कर सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरहेट ने बताया कि इस क्लस्टर के विकास के लिए कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ कन्वर्जेंस कर महिलाओं को कृषि, पशुपालन एवं उद्यमिता से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यशाला में बरहेट के सभी लोग उपस्थित थे।

# साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने नवनिर्मित साइंस सेंटर का किया उद्घाटन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिले के सिद्धो-कान्हू स्टेडियम के पास नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती ने फीता काट कर किया। इस सेंटर का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूक करना है। साइंस सेंटर में बच्चों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक प्रयोगशालाएं इंटरैक्टिव मॉडल, 3डी प्रोजेक्शन,और वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल और मनोरंजक तरीके से समझाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए डेमोंस्ट्रेशन उपलब्ध हैं।यहां कृषि और विज्ञान के मेल को दर्शाने के लिए स्मार्ट फार्मिंग, जैविक खेती,हाइड्रोपोनिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल भी रखे गए हैं, जिससे विद्यार्थी खेती में विज्ञान के महत्व



को समझ सकें। यहां साइंस सेंटर में एस्ट्रोनॉमी खगोल विज्ञान, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराई गई हैं। यहाँ वैज्ञानिक गतिविधियों, वर्कशॉप और इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया जाएगा।मौके पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह साइंस सेंटर बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान की दुनिया में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों को सीखने का बेहतरीन मंच बनेगा।उन्होंने छात्रों को इस सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मौके पर सदर एसडीओ ओंकारनाथ स्वर्णकार, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुर्गानंद झा,जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिरवाबाडी थाना के समक्ष चलाया गया वाहन जांच अभियान

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिले में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना में कमी लाने, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालकों द्वारा नियम का पालन न करने को लेकर डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की ,डीटीओ ने जिरवाबाडी पुलिस के साथ जिरवाबाडी थाना के समक्ष वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना कागजात के ई रिक्शा चला रहे चालकों को पदाधिकारी ने जमकर क्लास लगाई है। वाहन जांच अभियान के दौरान दर्जनों बाइक व ई रिक्शा को जप्त करते हुए चालान काटा गया है। वही एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि वाहन जांच अभियान विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलती रहेगी। वाहन चालक अपने साथ जरूरी कागजात नहीं रखते हैं, फोर व्हीलर से चलते समय सीट बेल्ट नहीं लगते हैं, बाइक सवारी युवक बिना हेलमेट के चलते हैं, इसके अलावा युवा वर्ग के लोग बिना ड्राइवरी लाइसेंस बिना कागजात बिना हेलमेट के तेज रफ्तार भी बाइक चलाते हैं। जिसके चलते हैं आम लोगों को दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ता है। सभी प्रकार के वाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सभी नियमों का पालन करें नहीं तो गाड़ी जप्त कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी और नगर थाना के समक्ष डीएसपी, डीटीओ व एमभीआई नगर थाना के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया जिसमें दर्जनों वाहन को जप्त कर चालान काटा गया। साथ ही सभी चालकों को वाहन की जरूरी कागजात साथ रखने, बिना हेलमेट वाहन न चलने कसक निर्देश दिया गया है। इधर खबर लिखे जाने तक वाहन चालकों से लगभग 62 हजार तक जुमार्ना वसूला गया था।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साहेबगंज नगर में शिविर का आयोजन



**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र के झंडा मेला वार्ड संख्या 26 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु योग्य लाभुकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के निदेर्शानुसार आयोजित इस शिविर में वैसे लाभुक जो योजना के लाभ से वंचित रह गए थे। उनके आवेदन ऑनलाइन जमा कराने एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।शिविर में आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, रतना गुप्ता सरवरी खातून व कमल कुमार उपस्थित थे।अधिकारियों ने लाभुकों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं दस्तावेजों की जानकारी दी। साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया को समय पर पूरा करने की अपील की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।नगर परिषद द्वारा इस तरह के शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

# अपने पूरे सेवाकाल में मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा भाव से किया : डॉ गोपाल कृष्ण झा

मेट्रो रेज

**दुमका :** डॉ गोपाल कृष्ण झा,क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका के सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमण्डल,दुमका कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका भूतनाथ रजवार की अध्यक्षता मे विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर संथाल परगना प्रमण्डल के सभी जिलों के शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, कर्मियों, डायट दुमका,शिक्षक संघो, भारत स्काउट एवं गाइड , दुमका एवं शिक्षकों द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक,डॉ0 गोपाल कृष्ण झा को पुष्प गुच्छ, शाल, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह मे उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी दुमका कौशल कुमार ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा को विदाई के बेला में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा का व्यक्तित्व,कृतित्व एवं अपने सेवा कार्य के प्रति समर्पण हमसभी के लिए अनुकरणीय है। डॉ0 गोपाल कृष्ण झा एक व्यवहार कुशल अनुभवी पदाधिकारी है। श्री झा का सौम्य व्यवहार ही मुझे विदाई




समारोह में भाग लेने के लिए यहाँ तक खीच लाया। अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा एक अनुभवी कुशल पदाधिकारी के साथ साथ अपने मातहतों के लिए एक अभिभावक तुल्य नरम दील के पदाधिकारी हैं। श्री कौशल कुमार ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा सेवानिवृत्त होने के बाद स्वस्थ रहें एवं उनका अनुभवी मार्गदर्शन हमलोगों को मिलता रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होना एक विभागीय प्रक्रिया है, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत होती है। सरकारी सेवा से पदमुक्त होने के बाद हमे परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने का मौका मिलता है। श्री रजवार ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा सर कठिन परिस्थितियों में भी अपने अनुभव से समस्या का समाधान खोज लेते हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा भाव से किया। डॉ0 झा ने कहा कि एक पदाधिकारी को एक प्रशासक की नही बल्कि एक मार्गदर्शक की भूमिका निभानी चाहिए। कहा कि मैने अपने सेवाकाल में अपने विद्यालयों का अनुश्रवण एक मार्गदर्शक की तरह सकरात्मक रुप से किया।कहा कि व्यक्ति की गरिमा पद धारण करने से ही है बल्कि पद की गरिमा बनाकर रखने में है।डॉ0 गोपाल कृष्ण ने कहा कि अपने सेवाकाल में ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक प्राप्त उपलब्धियां ही जीवन मे अर्जित असली धन है।कहा कि संथाल परगना के लोग बहुत अच्छे एवं निष्ठावान हैं।संथाल परगना प्रमंडल में मुझे अपार स्नेह एवं आदर मिला, जिसे मैं कभी नही भूल पाऊंगा।जिला शिक्षा पदाधिकारी देवघर बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा सर का स्नेह एवं कुशल सुझाव हमेशा हमलोगों को मिलता था।जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका आशीष कुमार हेम्ब्रम ने डॉ गोपाल कृष्ण झा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर हमेशा हमलोगों को मार्गदर्शन करते थे । कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी सर हमलोगों के दील में रहेंगे।जिला शिक्षा पदाधिकारी पाकुड़ अनिता पुर्ती ने कहा कि डॉ गोपाल कृष्ण झा सर एक अभिभावक तुल्य पदाधिकारी थे,जिनसे हमलोगों को कठिन परिस्थितियों में उचित सुझाव मिलता रहता था। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ गोपाल कृष्ण झा की धर्मपत्नी रमा कुमारी ने कहा कि डॉ0 झा परिवार के लिए भी आदर्श हैं। श्रीमती रमा ने कहा कि डॉ झा अपने परिवार के साथ साथ अपने सेवा क्षेत्र के दायित्वों का निर्वहन भी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार ने किया। मंच संचालन जीवानंद यादव ने किया। विदाई सह सम्मान समारोह में डीएसई दुमका आशीष हेम्ब्रम,डीएसई गोड्डा, डीएसई देवघर, डीएसई पाकुड,डीएसई जामताड़ा, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हांसदा, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी महगामा,क्षेत्रीय शिक्षा सन्युक्त निदेशक के बेटा अविनाश कुमार, बहू शिवानी, बेटी सुप्रभा,झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो,जैक सदस्य अजय कुमार गुप्ता, जैक ओएसडी अश्विनी कुमार यादव,पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार झा, वरीय लिपिक विनोद कुमार, मनीष कुमार गुप्ता,समीर कुमार घोष, राजीव कुमार श्रीवास्तव,झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार झा, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राज हंस, पूर्व प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार, , जैक कर्मी जटाशंकर मिश्रा,स्काउट के जिला सचिव विजय कुमार दूबे शिक्षा विभाग के कर्मी प्राण गोपाल, भोला भारती, विजय कुमार,फनीलाल महतो के अलावे संथाल परगना प्रमण्डल के शिक्षा विभाग के कई पदाधिकारी,कर्मी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### लाखों के आभूषण व नगद की चोरी जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित साहिबगंज रेलवे स्टेशन मास्टर निशा कुमारी के घर चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण व नगद रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। नगर थाना प्रभार प्रभारी प्रदीप प्रभाकर को सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। स्टेशन मास्टर निशा कुमारी के पति प्रशांत कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपनी पत्नी को बच्चों के साथ अपने घर बरियारपुर गया था। अपनी बच्ची को एग्जाम दिलाने के लिए शुक्रवार को गया हावड़ा ट्रेन से साहिबगंज उतरा। घर गया तो देखा की ग्रिल का मुख्य ताला टूटा हुआ है अंदर ग्रिल खोल कर गया तो देखा कि दरवाजा लॉक को लोहे का रेड से चाड़कर उखाड़ दिया गया है। खोल कर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो गोदरेज का सारा सामान बक्सा का सारा सामान इधर-उधर फेंक दिया गया था। घर की तलाशी ली तो पता चला सोने की अंगूठी, चेन पायल, कान की बाली, सहित नगद रुपया की चोरी कर ली गई है। चोरों ने बच्ची के दो गुल्लक का पैसा भी छोड़कर लेकर चले गए। बताया कि लगभग दो लाख से अधिक का सामान चोरों ने चोरी कर ली।

### डॉ. संजय कुमार सिन्हा बने एसकेएमयू के नए वित्त पदाधिकारी



**दुमका :** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के पूर्व कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा को विश्वविद्यालय का नया वित्त पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। राजभवन से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में उक्त अधिसूचना जारी कर दी गई है। डॉ. सिन्हा को अधिकतम 6 माह या जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए विश्वविद्यालय का वित्त पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. सिन्हा डॉ. बिजय कुमार से पदभार ग्रहण करेंगे। डॉ. सिन्हा विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वर्तमान में वे स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। मालूम हो कि वे इससे पहले विश्वविद्यालय में कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों को संभाल चुके हैं।



# 'रेस 4' में सैफ अली खान की वापसी रकुल प्रीत सिंह बनीं लीड एक्ट्रेस

सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन रकुल प्रीत सिंह के करियर को एक बड़ा प्रोजेक्ट मिल गया है। रकुल प्रीत सिंह को 'रेस 4' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर कास्ट किया गया है, जहां वह सैफ अली खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। पिछले काफी समय से 'रेस 4' के लिए लीड हीरोइन की तलाश जारी थी, जो अब रकुल के नाम पर आकर खत्म हो गई है। फिल्म को लेकर जल्द ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक रकुल प्रीत सिंह को 'रेस 4' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर कास्ट किया गया है। यह थ्रिलर फिल्म सैफ अली खान और रमेश तौरानी के लिए इस वक्त प्राथमिकता बनी हुई है। रकुल इस लोकप्रिय एक्शन-थ्रिलर फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका बिल्कुल नया अवतार दर्शकों को देखने मिलेगा। रकुल इससे पहले भी कई बड़े बजट की फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं और अब 'रेस 4' में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जल्द ही फिल्म से जुड़ी बाकी डिटेल्स भी सामने आएंगी। रकुल प्रीत सिंह अब तक कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन 'रेस 4' उनके करियर की पहली थ्रिलर फिल्म होगी। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही फिल्म का आधिकारिक ऐलान किया जाएगा। यह पहला मौका होगा जब रकुल और सैफ अली खान एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हुआ है कि रकुल फिल्म में सैफ की जोड़ीदार होंगी या किसी अन्य भूमिका में दिखेंगी। इस साल की शुरूआत में निमार्ता रमेश तौरानी ने 'रेस 4' में सैफ अली खान की मौजूदगी की पुष्टि की थी। अब फैंस को फिल्म से जुड़ी बाकी कास्ट और कहानी को लेकर भी अपडेट का इंतजार है। रकुल प्रीत सिंह ने 2014 में फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में कदम रखा था और अब वे 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन और आर माधवन के साथ अहम भूमिका निभाएंगी। फिल्म की रिलीज डेट 14 नवंबर, 2025 तय की गई है। रकुल इससे पहले अजय के साथ 'दे दे प्यार दे', 'थैंक गॉड' और 'रनवे 34' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 'रेस' 2008 और 'रेस 2' 2013 का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था, जबकि 'रेस 3' 2018 को रेमो डिसूजा ने डायरेक्ट किया था। पहले दो भागों में सैफ मुख्य भूमिका में थे, लेकिन तीसरी फिल्म में उनकी जगह सलमान खान ने ली थी। अब 'रेस 4' में सैफ एक बार फिर लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस कर रहे हैं और जल्द ही इसके बाकी कलाकारों की घोषणा की जाएगी।



## सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो रही 'आवारापन' और 'आशिकी-2'



बॉलीवुड में इन दिनों क्लासिक फिल्मों की रि-रिलीज का ट्रेंड जोरों पर है। 'सनम तेरी कसम', 'सत्या', 'तुम्बाड', 'लैला मजनू', 'दिल तो पागल है' और 'ये जवानी है दीवानी' जैसी फिल्मों के बाद अब दो और यादगार रोमांटिक फिल्मों की दोबारा रिलीज की खबर आई है। इमरान हाशमी की 'आवारापन' और श्रद्धा कपूर व आदित्य रॉय कपूर स्टारर 'आशिकी-2' जल्द ही सिनेमाघरों में वापसी करने वाली हैं। इन दोनों फिल्मों ने अपनी रिलीज के वक्त दर्शकों का दिल जीत लिया था और अब एक बार फिर फैंस को इन्हें बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। एक इंटरव्यू में अभिनेता सलिल आचार्य ने खुलासा किया कि उनकी डेब्यू फिल्म 'आवारापन' जल्द ही सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही 'आशिकी 2' भी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। सलिल ने कहा, ?फिल्मों की रि-रिलीज का चलन वाकई शानदार है। 'आवारापन' को रिलीज हुए करीब 17 साल हो गए हैं और अब इसे फिर से सिनेमाघरों में देखने का मौका मिलेगा। हम सभी बेहद उत्साहित हैं। मैं बस इस पल का इंतजार कर रहा हूं।? फैंस को अब इन आइकॉनिक फिल्मों को फिर से थिएटर में देखने का मौका मिलेगा, जिससे पुरानी यादें फिर से ताजा हो जाएंगी। बॉलीवुड की दो मशहूर रोमांटिक-थ्रिलर फिल्में 'आवारापन' और 'आशिकी-2' जल्द ही सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने जा रही हैं। 'आवारापन' (2007) में इमरान हाशमी, मृणालिनी शर्मा, श्रिया सरन और आशुतोष राणा मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। 29 जून, 2007 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 7.76 करोड़ रुपये का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था। 'आशिकी-2' (2013) में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। यह फिल्म 26 अप्रैल, 2013 को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 78.10 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया था। फैंस के लिए ये एक सुनहरा मौका होगा कि वे इन यादगार फिल्मों को फिर से बड़े पर्दे पर देख सकेंगे।

बॉलीवुड में एआई क्रांति की शुरूआत

## एआई फिल्म ''नायशा'' का ट्रेलर लॉन्च




आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) अब कहानी कहने के नियमों को फिर से परिभाषित कर रहा है। इसी के तहत बॉलीवुड की पहली पूर्ण एआई-पॉवर्ड फिल्म नायशा का ट्रेलर लॉन्च किया गया। जिसमें एआई-जनरेटेड मुख्य किरदार नायशा बोस और जैन कपूर को रोमांचक प्रेम कहानी में दिखाया गया है। नायशा डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव लाने वाली है। यह फिल्म नवीनतम एआई तकनीक को कहानी कहने के साथ जोड़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मानवीय भावनाओं के बीच की दूरी को खत्म करने का प्रयास कर रही है। इसका आधिकारिक ट्रेलर एआई-पॉवर्ड शानदार विजुअल्स, दिल को छू लेने वाली कहानी और चार्टबस्टर साउंडट्रैक की झलक देता है। यह फिल्म अमेजिंग इंडियन स्टोरीज नामक नए एआई कंटेंट स्टूडियो द्वारा निर्मित की गई है, जिसका उद्देश्य सिनेमाई अनुभवों को नए सिरे से परिभाषित करना है।

प्रतिष्ठित फिल्ममेकर विवेक अंचलिया फिल्म के निमार्ता और निर्देशक हैं। तिकड़म (जियो हॉटस्टार) के निर्देशक और राजमा चावल (नेटफ्लिक्स ओरिजिनल) के सह-लेखक रह चुके अंचलिया का मानना है कि नायशा बॉलीवुड में एआई के व्यापक उपयोग की शुरूआत करेगा।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया 'नायशा के साथ हम भारतीय कहानी कहने और संगीत की ताकत को एआई की चमत्कारी तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं, ताकि ऐसी कहानियां पेश की जा सकें, जो सभी वर्गों के दर्शकों को पसंद आएं। एआई हमें सीमाओं से आगे बढ़ने और असंभव को संभव बनाने की शक्ति देता है।'

नायशा का संगीत शानदार है, जिसे मशहूर संगीत निर्देशकों और गायकों ने तैयार किया है। डैनियल बी. जॉर्ज, जो अंधाधुन, जॉनी गद्दार, मैरी क्रिसमस, बेलबॉटम, बवाल जैसी फिल्मों के लिए ऑरिजिनल स्कोर दे चुके हैं, उन्होंने दो खूबसूरत गाने 'मनमानियां' और 'रूहानियां' को कंपोज किया है। मधुबंती बागची, जो स्त्री 2 के 'आज की रात' गीत के लिए जानी जाती हैं, ने 'रूहानियां' गाने को अपनी आवाज दी है। 'चीटर सैंया' और 'जाने कहां' गानों को क्रमशः प्रोतिज्योति घोष और उज्जवल कश्यप ने कंपोज किया है। ट्रेलर में बंगाली-मिजो लड़की नायशा और विद्रोही रैपर जैन की प्रेम कहानी की झलक मिलती है। यह दोनों कोलकाता, पेरिस और स्विट्जरलैंड की खूबसूरत पृष्ठभूमि में अपनी यात्रा पूरी करते हैं।




### अक्षय कुमार की फिल्म 'कन्नप्पा' की रिलीज डेट आई सामने

अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे, जो उनके साउथ भारतीय सिनेमा में डेब्यू को खास बनाता है। फिल्म में अक्षय के साथ मोहनलाल, प्रभास और विष्णु मांचू जैसे बड़े सितारे भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। रिलीज हुए नए पोस्टर में सभी प्रमुख कलाकारों की झलक देखने को मिल रही है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म 'कन्नप्पा' के पोस्टर में अक्षय कुमार भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं, जबकि प्रभास रुद्र की भूमिका में दिखाई देंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही यह फिल्म छठी से आठवीं शताब्दी के दौरान भगवान शिव के एक प्रबल भक्त की कहानी पर आधारित है। फिल्म के निमार्ता मोहन बाबू हैं। 'कन्नप्पा' 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि इसका टीजर 1 मार्च, 2025 को लॉन्च किया जाएगा।

## कंगना रनौत ने जावेद अख्तर से मांगी माफी

सुलझा सालों पुराना विवाद

अभिनेत्री कंगना रनौत और मशहूर गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच पिछले कई सालों से चल रहा कानूनी विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। इस लंबे समय से चले आ रहे मामले में जावेद अख्तर को कानूनी जीत मिली है। कंगना ने न केवल सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार की, बल्कि जावेद को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जावेद अख्तर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए बताया कि अब दोनों के बीच सुलह हो चुकी है। साल 2020 में गीतकार जावेद अख्तर ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में कंगना हाल ही में मुंबई के बांद्रा कोर्ट में पेश हुईं, जहां उन्होंने मध्यस्थता के जरिए इस विवाद को सुलझा लिया। पिछले 5 सालों से इस मामले की सुनवाई चल रही थी, लेकिन कंगना को 40 बार अदालत में पेश होने का मौका मिलने के बावजूद वह एक भी दिन हाजिर नहीं हुईं। दूसरी ओर, जावेद अख्तर नियमित रूप से कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होते रहे। आखिरकार, दोनों के बीच समझौता हो गया है, और कंगना ने जावेद अख्तर से माफी मांगते हुए इस कानूनी लड़ाई को खत्म कर दिया है। अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार जावेद अख्तर हाल ही में मुंबई के बांद्रा कोर्ट में मौजूद थे, जहां कंगना ने सुलह की सभी शर्तें मानीं। कंगना ने अदालत में स्वीकार किया कि गलतफहमी के कारण उन्होंने वह बयान दिया था, जिसे वह अब पूरी तरह वापस लेती हैं। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में वह ऐसे किसी भी बयान से बचेंगी और जावेद अख्तर को हुई असुविधा के लिए माफी मांगती हैं। इस सहमति के बाद कोर्ट में वर्षों से चल रहा यह मामला औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। सालों से चल रहे मानहानि विवाद को खत्म करते हुए कंगना रनौत और जावेद अख्तर ने आपसी सहमति से सुलह कर ली है। कोर्ट में मामला सुलझने के बाद कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जावेद अख्तर संग एक तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा, आज मैंने और जावेद जी ने मानहानि से जुड़े अपने कानूनी मामले को लेकर सुलह कर ली है। हमने मध्यस्थता के जरिए मामला सुलझा लिया है। जावेद जी बेहद दयालु और शानदार इंसान हैं। वह मेरे निर्देशन में बनने वाली अगली फिल्म के लिए गाने लिखने को भी राजी हो गए हैं।



## विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल हुए नेमार

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।


लंबी रिकवरी प्रक्रिया के बाद, नेमार ने जनवरी में अल-हिलाल से बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल होने के बाद से अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है।

ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी टीम में शामिल किया है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो के साथी लुकास मौरा को भी टीम में शामिल किया है। जैसा कि अपेक्षित था, 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के हमलावर विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के प्रवर्तक ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर राफिन्हा शामिल हैं।

ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 क्वालीफायर से 18 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जो लीडर अर्जेंटीना से सात अंक पीछे है।

डोरिवल द्वारा अगले सप्ताह मैचों के लिए अंतिम 23 सदस्यीय टीम की घोषणा करने की उम्मीद है।



## जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची ध्रुव कपिला, तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी

**मुलहेम एन डेर रूहर ।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चीन के गाओ जिया झुआन और वू मेंग यिंग को सीधे सेटों में हराकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 21-14, 21-17 से जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी का अंतिम चार में मुकाबला इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशजंती और ग्लोरिया एमानुएल विदजाजा से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड से 12-21, 12-21 से हारकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। थारुण मन्नेपल्ली भी पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 21-17, 21-8 से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए।



## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंद ने दाई वैन को हराकर दर्ज की पहली जीत

एजेंसी

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शुक्रवार को प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। यह जीत उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रही, क्योंकि पहले दो राउंड में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था। खेल निम्जो-भारतीय रक्षा से शुरू हुआ, जिसमें प्रज्ञानानंद ने रणनीतिक बढ़त बनाई। 14वीं चाल में ही उन्हें निर्णायक बढ़त मिल गई, जिसके बाद उन्होंने आसानी से मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। हालांकि, बीच के कुछ क्षणों में थोड़े उतार-चढ़ाव आए, लेकिन परिणाम पर कोई संदेह नहीं था। मध्य खेल में दाई वान रक्षात्मक स्थिति में थे, बावजूद इसके कि उनके पास अतिरिक्त मोहरा था। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सूझबूझ और सटीकता से खेलते हुए स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। उन्होंने मामूली पीस के बदले रूक प्राप्त किया और अंततः तकनीकी उत्कृष्टता से जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर बोलते हुए प्रज्ञानानंद ने कहा, 'पहले राउंड में कुछ खास नहीं था, मेरी स्थिति अच्छी थी। लेकिन आज की जीत मेरे लिए महत्वपूर्ण थी और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।' इस जीत के साथ प्रज्ञानानंद टूनार्मेंट में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।



# बिहार के कई जिलों में सुबह हुई बारिश कई जिलों में वज्रपात की चेतावनी

एजेंसी

**पटना।** बिहार में शनिवार सुबह हुई बारिश से मौसम बदल गया है। राजधानी पटना में बादलों की अटखेलियां जारी है। इससे कभी तेज धूप तो कभी बादल देखा जा रहा है। हालांकि ठंड लगभग खत्म सा महसूस किया जा रहा है।



शनिवार सुबह पटना, वैशाली, भोजपुर समेत कई जिलों में अचानक से बादलों ने डेरा डाला और झमाझम बारिश हुई। पटना, सीवान, सारण, भोजपुर और वैशाली जिले में सुबह से ही बादलों ने डेरा डाला और सुबह के 7 बजते-बजते इन जिलों की कुछ जगहों पर बारिश हो गई। अचानक हुई बारिश से पारा भी थोड़ा नीचे लुढ़क गया। मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 1 मार्च 2025 को कटिहार, जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर और नवादा जिलों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन या वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 02 मार्च को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। पूर्व में बने पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवातीय परिसंचरण और ट्रफ रेखा की वजह से बिहार में बारिश का मौसम देखने को मिल रहा है। वहीं आज भी इसका असर रहेगा। कल से कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

## मध्य प्रदेश में बढ़ने लगी गर्मी, बढ़ा दिन और रात का तापमान, 15 मार्च के बाद चलेगी हीट वेव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होने से गर्मी अधिक बढ़ने लगी है। 15 मार्च के बाद हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने लगेगी। वहीं, दिन-रात का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा रहेगा। इस दौरान ग्वालियर-चंबल सबसे गर्म रहेंगे, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बूंदाबादी के आसार है। आज शनिवार को भोपाल, इंदौर समेत कई शहर में दिन का तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। 2 मार्च को भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मार्च से गर्मी के सीजन की शुरूआत हो जाती है। अगले 4 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान जताया है।

# मणिपुर में 33 तरह के हथियार और गोला-बारूद जनता ने किया समर्पण

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील पर विभिन्न जिलों में जनता ने कुल 33 प्रकार के हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्रियों को स्वेच्छा से समर्पण किया। यह आत्मसमर्पण टेंग्नौपाल, इंफाल ईस्ट, कांगपोकपी, इंफाल वेस्ट और थौबल जिलों में विभिन्न पुलिस थानों में किया गया। टेंग्नौपाल जिले के मोरेह पुलिस स्टेशन में आईएनएसएएस राइफल, 51 मिमी मोर्टार, मैगजीन, 9 मिमी के जिंदा राउंड, मिसफायर राउंड, देशी हथगोले और आईईडी सहित कई हथियार आत्मसमर्पण किए गए। इंफाल ईस्ट जिले के लामलाई, पोरोम्पट, सीडीओ-इंफाल ईस्ट और सगोलमंग पुलिस थानों में विभिन्न प्रकार के कारतूस, हैंड ग्रेनेड,



स्मोक ग्रेनेड, स्थानीय रूप से निर्मित बंदूकें, वायरलेस सेट और बुलेटप्रूफ जैकेट जमा किए गए। इंफाल वेस्ट जिले के पटसोई और लामफेल पुलिस स्टेशनों में भी विभिन्न प्रकार के देशी हथियार, ग्रेनेड, हेलमेट और बुलेटप्रूफ जैकेट आत्मसमर्पण किए गए। थौबल जिले में एसपी ऑफिस में भी .303 राइफल और हैंड ग्रेनेड सहित कई हथियार जनता ने सौंपे। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां समर्पित हथियारों की जांच कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल ने फिर से समय सीमा सात दिनों के लिए बढ़ा दी थी।

# दिल्ली के 16 औद्योगिक इलाकों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स न होने पर हाई कोर्ट ने आश्चर्य जताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के 16 औद्योगिक इलाकों में कचरे के उचित निपटारे के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त किया। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह काफी गंभीर मामला है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स नहीं होने की वजह से यमुना नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। हाई कोर्ट ने दिल्ली के 33 औद्योगिक इलाकों में कॉमन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) लगाने की जरूरत बताई।




हाई कोर्ट ने सीईटीपी पर दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) की रिपोर्ट पर गौर करते हुए कहा कि यह काफी दुखद है कि दिल्ली के 16 औद्योगिक इलाकों में कोई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है। यमुना नदी में बिना शोधन के औद्योगिक कचरे वाला पानी जा रहा है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि दिल्ली के 37 घरेलू और रिहायशी इलाकों में भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स नहीं है और उनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र किया जिसमें कहा गया था कि औद्योगिक इलाकों में सीईटीपी लगाए जाएं। हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के सभी औद्योगिक इलाकों में सीईटीपी स्थापित होने चाहिए थे और उनकी रोजाना मानिटरिंग होनी चाहिए थी। हाई कोर्ट ने डीएसआईआईडीसी के यमुना में गिर रहे अनट्रीटेट पानी के बहाव को रोकने के उपायों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने डीएसआईआईडीसी से ये भी पूछा कि क्या दिल्ली के सभी उद्योग उसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हाई कोर्ट दिल्ली में जल-जमाव के मामले पर सुनवाई कर रहा है।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए बैंक ऑफ इंडिया के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव

एजेंसी

**हरदोई।** सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने बैंक ऑफ इंडिया की चौक, शाहाबाद शाखा के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। ऋण अधिकारी ने ऋण स्वीकृत करने के लिए एक महिला से रिश्वत मांगी थी। महिला की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की है। बैंक ऋण अधिकारी को शनिवार को लखनऊ की सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

शाहाबाद क्षेत्र निवासी उपासना वर्मा ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए ऋण आवेदन किया था। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ऋण के लिए पत्रावली बैंक ऑफ इंडिया की चौक शाहाबाद शाखा को भेजी गई थी। बैंक ऑफ इंडिया के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव ने 5,00,000 रुपये ऋण स्वीकृत किए जाने के लिए 10 प्रतिशत सुविधा शुल्क की मांग की थी। उपासना वर्मा के पति रमेश से बैंक अधिकारी ने 50,000 रुपये मांगे थे। इसकी शिकायत उपासना ने सीबीआई की एंटी करप्शन टीम से गुरुवार को की थी।शुक्रवार देर शाम सीबीआई टीम ने छापा डाला और शोभित श्रीवास्तव को 10,000 रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया। शाम 07 बजे से देर रात 02 बजे तक टीम शोभित श्रीवास्तव से पूछताछ करती रही। बैंक के अभिलेख खंगाले गए। सी बी आई टीम ने पूरी घटना के दौरान पत्रकारों से दूरी बनाए रखी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि शोभित श्रीवास्तव को सी बी आई की एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है। आगे की कार्रवाई भी एंटी करप्शन टीम कर रही है। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक शशि मोहन ने इस गंभीर प्रकरण पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

# जन औषधि सप्ताह शुरू, नड्डा ने दिखाई जन औषधि रथों को हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज जन औषधि दिवस सप्ताह की शुरूआत की। उन्होंने सप्ताह भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की ब्रांडिंग वाली वैन (रथ) को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अमित अग्रवाल भी उपस्थित कगे।



पीएमबीजेपी के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए यह रथ दिल्ली-एनसीआर में चलेंगे। यह अभियान आज से सात मार्च तक चलेगा। यह समारोह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू पीएमबीजेपी परियोजना का प्रमुख हिस्सा है। इसका उद्देश्य सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराकर देश के नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। ये वाहन (रथ) जन औषधि केंद्रों के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने और प्रभावी और सुलभ जेनेरिक दवाओं तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में घूमेंगे।

**क्या है यह योजना**

प्रधानमंत्री जन औषधि योजना प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ?23 अप्रैल 2018 को घोषित एक योजना है। 2014-15 में जनऔषधि योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना किया। इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयों के दाम बाजार मूल्य से कम किए जा रहें है। सरकार द्वारा 'जन औषधि स्टोर' बनाए गए हैं। इनमें जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यह दवाएं ब्रांडेड या फार्मा की दवाअयों के मुकाबले सस्ती होती हैं, जबकि प्रभाव उनके बराबर ही होता है। प्रधानमंत्री जन औषधि अभियान मूलतः जनता को जागरूक करने के लिए शुरू किया गया है ताकि जनता समझ सके कि ब्रांडेड मेडिसिन की तुलना में जेनेरिक मेडिसिन कम मूल्य पर उपलब्ध हैं साथ ही इसकी क्वालिटी में किसी तरह की कमी नहीं हैं। साथ ही यह जेनेरिक दवाएं मार्केट में मौजूद हैं जिन्हें आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। इस योजना में आम नागरिकों को बाजार से 60 से 70 फीसदी कम कीमत पर दवाइयां मुहैया कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार अब तक देश में सैकड़ों जन औषधि केंद्र खोल चुकी है।

# मप्रः दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आज से, देशभर के शिक्षाविद जुड़ेंगे

एजेंसी

**भोपाल।** दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आज (शनिवार) से मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद परिसर भोपाल में शुरू होने जा रहा है। भारत के ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी सहित अलग-अलग विषयों में भारत केन्द्रित शोध को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित इस समागम में देश भर से 280 से अधिक शिक्षाविद, अनुसंधानकर्ता, स्वतंत्र शोधकर्ता भाग लेंगे।

शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि समागत में प्रातः 10:30 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध चिंतक एवं विचारक मुकुल कानिटकर (नागपुर) बीज वक्तव्य देंगे। आचार्य मिथिलेश नन्दिनीशरण (अयोध्या) अध्यक्षता करेंगे एवं मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार




(उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन) होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा पर केन्द्रित शोध दृष्टि के प्रोत्साहन के उद्देश्य से हो रहे इस समागम में देश भर के 30 से अधिक शिक्षाविद् और विद्वान 14 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा में अनुभव, अवलोकन, प्रयोग और विश्लेषण की व्यवस्थित प्रणाली रही है। लेकिन यह शोध परंपरा हमारी अकादमिक शोध पद्धति से विस्मृत हो गई। इस समागम के माध्यम से मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में भारतमुखी चिंतन, शोध, अनुसंधान की गति बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, आर्टिफिशियल इंटलीजेंस (एआई), शोध रणनीति, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य, शोध गुणवत्ता, युवा शोधकताओं को सशक्त बनाना, अनुसंधान और विकास के लिए नीति तथा अनुसंधान का डिजिटलीकरण, ग्रामीण, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सतत और आर्थिक विकास नवाचार, बहुविषयी दृष्टिकोण का विकास, अनुसंधान विधि और सहायता के लिए नये रास्?ते, सार्वजनिक नीति पर शोध के प्रभाव आदि विषयों पर विचार विमर्श होगा।

उन्होंने बताया कि विविध सत्रों में मुख्य रूप से पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी (भोपाल), प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी (दिल्ली), प्रो. वीके. मल्होत्रा (दिल्ली), प्रो. बीएन लाभ (सांची), प्रो. सी.सी. त्रिपाठी (भोपाल), प्रो. मौली कौशल (अहमदाबाद), प्रो. अनिल कोठारी (भोपाल), विजय मनोहर तिवारी (भोपाल), आशीष गुप्ता (जबलपुर), डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू' (उदयपुर), प्रो. एस. सूर्य प्रकाश (भोपाल), प्रो. नचिकेता तिवारी (कानपुर), प्रो. आशीष पाण्डे (मुम्बई), डॉ. अमित कुमार दसोरा (नोयडा), डॉ. रीता सोनी (दिल्ली), डॉ. नवल गर्ग (दिल्ली), डॉ. अजय सैनी (दिल्ली), डॉ. उत्पल चक्रवर्ती (दिल्ली), आद्या दीक्षित (शिमला), स्वाति आनंद (छत्तीसगढ़) अपने विचार रखेंगे।

# पीएम मोदी ने माणा रेस्क्यू ऑपरेशन की मुख्यमंत्री धामी से ली जानकारी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के चमोली के माणा में हिमस्खलन के दौरान फंसे श्रमिकों को सकुशल निकालने के प्रयासों में राज्य सरकार को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत भी की है। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई बातचीत का विवरण एक्स पोस्ट के माध्यम से साझा किया है। उन्होंने लिखा, " आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने फोन पर बात कर जनपद चमोली के माणा में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने प्रदेश में हो रही बारिश और हिमपात की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री जी ने केंद्र सरकार की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा है कि राहत एवं बचाव अभियान के क्रम में 14 अन्य श्रमिकों को भी सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। बाहर निकाले गए श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गंभीर रूप से घायल तीन श्रमिकों को आर्मी चिकित्सालय ज्योतिर्मठ में उपचार के लिए भेज दिया गया है। अभी तक कुल 47 श्रमिकों का सफल रेस्क्यू किया जा चुका है। फंसे हुए अन्य श्रमिकों को भी जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### निर्वाचन आयोग के सम्मेलन में मोतिहारी डीएम सौरभ जोरवाल देगे व्याख्यान



**पूर्वी चंपारण।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नई दिल्ली में 04 एवं 05 मार्च को देश के सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के आयोजित सम्मेलन में पूर्वी चंपारण जिला के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को व्याख्यान एवं निर्वाचन संबंधी नवाचार को साझा करने के लिए नामित किया गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वश्रेष्ठ चुनाव प्रबंधन के मामले में राष्ट्रपति से सम्मानित होने के बाद उनके द्वारा लोक सभा चुनाव में किए गए नवाचार,बेहतर आईटी प्रबंधन एवं वित्तीय अनुशासन का पालन करने के अनुभव साझा करने के लिए भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में नामित किया गया है। मुख्य सचिव बिहार के अनुमोदन के पश्चात सौरभ जोरवाल को भाग लेने हेतु पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार द्वारा जारी किया गया है।इस सूचना के बाद जिला के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने हर्ष प्रकट किया है।

### चन्द्रहिया लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन



**पूर्वी चंपारण।** जिला के मुफस्सिल थाना पुलिस ने चंद्रहिया लूटकांड का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अमित ठाकुर और आदित्य कुमार उर्फ रिपू सिंह के रूप में हुई है। बीते 5 फरवरी को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंद्रहिया में लूट की वारदात हुई थी। घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सदर डीएसपी-2 जितेश पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को पकड़ा है।जिनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक,लूटे गये मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है।पुलिस ने दोनो आरोपियों की निशानदेही पर पटखौलिया गांव में शालू सिंह उर्फ विशाल के घर से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और डेढ़ किलो मादक पदार्थ भी बरामद किया है।एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अमित ठाकुर का अपराधिक रिकार्ड है।इसके विरूद्ध मोतिहारी नगर थाना व तुरकौलिया में लूट के तीन मामले दर्ज है। छापेमारी टीम सदर 2 डीएसपी जितेश पाण्डेय,मुफस्सिल थानाध्यक्ष रवि रंजन और अपर थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह,पीएसआई सत्येन्द्र कुमार सिंह,गोपाल कुमार कुमार गौरव व तकनीकी शाखा के पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 74वें जन्मदिन पर गृह मंत्री अमित शाह ने दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आज उनके 74वें जन्मदिन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में बिहार में एनडीए जन कल्याण और सुशासन का पर्याय बना है। आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की मंगलकामना करता हूं। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नीतीश कुमार को जन्मदिन की बधाई दी है। योगी ने एक्स पर लिखा है-बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! माता जानकी से आपके समृद्ध, सुदीर्घ एवं आरोग्यमय जीवन की प्रार्थना है। योगी आदित्यनाथ के अलावा नितिन गडकरी, चिराग पासवान, दिलीप जायसवाल, नितिन नवीन समेत कई नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुभकामनाएं दी हैं। बिहार विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर अग्रिम बधाई दी गई। सदन के सदस्यों ने मेज थपथपा कर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री को अपनी सीट से ही अभिवादन कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को बख्तियारपुर में हुआ था। उनके जन्मदिन के मौके पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आम से लेकर खास सभी अपने नेता को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।

### आगरा सड़क हादसे में चार की मौत मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

**आगरा ।** जनपद के फतेहाबाद थाना इलाके में लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के एक बस पीछे से ट्रक में घुस गई। हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। ये बस बनारस से आगरा की ओर आ रही थी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मृतकों की पहचान की। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में आगरा के किशोरपुरा निवासी दीपक वर्मा, जोधपुर के गोविंद, रमेश सिंह, मिजार्पुर निवासी बबलू शामिल है। जो लोग घायल हैं, उनका अस्पताल में बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आगरा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज आज

**बेंगलुरु।** सोलहवां बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज आज होगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसका उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, महोत्सव के राजदूत किशोर कुमार, पोलैंड के मौगुजहत विसिस गोविनविएक, अभिनेत्री प्रियंका मोहन और एम. नरसिम्हालु मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता के अनुसार, कन्नड़ अभिनेता शिव राजकुमार स्मारिका का विमोचन करेंगे। फिल्मों का प्रदर्शन 02 मार्च को ओरियन मॉल में 11 स्क्रीन के साथ शुरू होगा। कला भवन और सुचित्रा फिल्म सोसाइटी के सिनेमाघरों में भी महोत्सव के लिए चयनित फिल्मों को देखा जा सकेगा। 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है। आठ मार्च को इसका समापन होगा। इस दौरान फिल्म निर्माण में नई तकनीक, एआई का उपयोग, फिल्मों में महिलाओं की भूमिका, फिल्म संवाद आजि विषयों पर चर्चा होगी।

न्यूज ब्रीफ



## झामुमो ने गांवों में चलाया सदस्यता अभियान

**ठेठईटांगर :** झामुमो सिमडेगा जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में ठेठईटांगर प्रखंड के कई पंचायत एवं गांव का दौरा किया गया साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया। सदस्यता रसीद काटकर नए सदस्यों का पार्टी में विधिवत स्वागत किया गया । अनिल कांडुलना ने नये सदस्यो से अपील करते हुए कहा की आप लोग गांव -गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें,और झारखण्ड सरकार के योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दें । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो,पंचायत से नेलसन डूंग डूंग,कोरोमिया पंचायत अध्यक्ष अशोक लकड़ा, पंचायत सचिव राजू सोरेंग, पंचायत उपाध्यक्ष सुशील तिर्की के अलावा भारी संख्या में प्रखंड के कोरोमिया एवं ताराबोगा पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## प्रखंड में चलाया गया सदस्यता अभियान



**कोलेबिराः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली के द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया गया । कुलदीप केरकेट्टा सुबोध केरकेट्टा रितेश डुंगडुंग, रोबिन मिंज ,किशोर मांझी, समद गोसाई, बिरसा केरकेट्टा, अंजली कुमारी, दिलशाद अंसारी, रंथु इंदवार, राजू केरकेट्टा ,खाधू राम, गिरीश राम ,मानिक चंद्राराम, मंसूर अंसारी, मुकेश बाराएक, राकेश बिलॉन्ग दयामणि बागे एवं अन्य शामिल थे।

## कराईकेला सनसाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बंदगांवः** कराइकेला पंचायत स्थित सनसाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई तथा विशिष्ट अतिथि झामुमो नेता सुनील लागुरी उपस्थित थे। खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के दौड़, बैलून फोड़, बोरा रेस , जीके रेस, रंगोली ,चित्रकला ,मिट्टी का खिलौना बनाना ,पेपर से कई प्रकार के खिलौने बनाना ,म्यूजिकल चीयर ,डांस ,गाना चम्मच रेस, बैलून रेस ,नाटक ,स्पीच,जलेबी रेस,तीन पैर का दौड़ समेत अन्य खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विद्यालय का सेकेट्री जितेंद्र महतो ने दी उन्होंने कहा यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है उन्हें मंच देने की कोशिश की गई है। यहां के बच्चे खेलकूद समेत अन्य कार्यक्रम में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा यह विद्यालय बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में काफी बेहतर शिक्षा दे रहा है ।जो कि काबिले तारीफ है। यहां के बच्चे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। और उम्मीद है कि आगे भी यह बच्चे खेलकूद समेत अन्य कार्यक्रम में इस विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुनील लागुरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों का खेलकूद काफी मायने रखता है। यहां बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा बच्चों को खेलकूद के क्षेत्र में सभी तरह की सहायता दी जायेगी। यह विद्यालय इस क्षेत्र में बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रही है। यहां पढ़ने वाले बच्चे इस क्षेत्र का नाम रौशन करेगे। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर राजाराम महतो,प्रिंसिपल शक्तिसेन मंडल, ज्ञानसेनी मिश्रा, हेमलता दास, कंचन साहू,रिंकी कुमारी, छबि नायक, निकिता सारंगी,गायत्री प्रधान समेत शिक्षक शिक्षिका तथा काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



**गुमलाः** गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह के कार्यालय में प्रधान लिपिक अरविंद कुमार पूरे 38 वर्ष 11 माह और 21 दिन सेवा पूर्ण कर 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत हो गए , इस उपलक्ष्य में न्यू समाहरणालय चांदली गुमला स्थित पुलिस सभागार में जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने सानिध्य में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने उक्त विदाई सह सम्मान समारोह मैं कहा कि अरविंद कुमार अपने कर्तव्य निष्ठा और समय का जो आदर्श पुलिस विभाग को मिली है, वह हमेशा मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा । सेवानिवृत्ति के उपरांत पुलिस विभाग उनके स्वस्थ युक्त दीघार्यु जीवन की मंगल कामना प्रेषित करता हूं। इसके अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक गुमला वीरेंद्र टोपनो, पुलिस निरीक्षक चैनपुर महेंद्र करमाली, प्रधान लिपिक विष्णु कुमार , तथा पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार दास , ने भी अरविंद कुमार के मंगलमय जीवन एवं स्वास्थ्य की कामना के लिए ईश्वर से कामना की। उक्त विदाई सह सम्मान समारोह में , लेखपाल रणधीर कुमार वर्मा , लिपिक ध्रुव कुमार, लिपिक बलजीत सिंह, लिपिक माधुरी केरकेट्टा, लिपिक नारायणी कुमारी, परिधारी दीपक कुमार , तथा कार्यालय के सभी कर्मी और सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रांची के सदस्यों का खूंटी दौरा

# बच्चों के कल्याण से संबंधित दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सदस्यों द्वारा परिसदन भवन, खूंटी में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण विषय पर की गयी बैठक**

संवाददाता

**रांची/खूंटीः** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रांची के सदस्य डॉ आभा वीरेंद्र अकिंचन, रुचि कुजूर एवं विकास दोदराजका द्वारा खूंटी जिला का दौरा किया गया। अपने इस दौरे में सदस्यों द्वारा परिसदन भवन, खूंटी में जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण विषय पर बैठक की गयी। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी समेत डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत जिले के



विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा बच्चों के कल्याण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पिछले दिनों रनिया प्रखंड में बच्चियों के साथ घटे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सदस्यों द्वारा मामले में दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने, पीड़िता को राहत प्रदान करने, न्याय दिलाने एवं भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति ना हो इसका विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया गया। साथ हीं अभिभावकों को जागरूक करने एवं विद्यालयों में बच्चों को गुड टच बैड टच, डूस एंड डोनट्स से संबंधित जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया। जिससे बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता का अभाव न रहे। सदस्यों ने जिले में बाल सुरक्षा, शिक्षा, पोषण एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की तथा इन क्षेत्रों में सुधार हेतु प्रशासन को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। जिले में ऑब्जर्वेशन सेंटर बनाने को लेकर भी पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बाल अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

बैठक के पश्चात सदस्यों ने रनिया प्रखंड जाकर पीड़ित के परिजनों से भी मुलाकात की। साथ हीं सरकार की ओर से उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने, उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया गया।

### शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# उपायुक्त ने 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय का दिया निर्देश

संवाददाता

गुमला : गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला समाहरणालय अवस्थित सभागार में आज शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ, एपीओ, लेखा पदाधिकारी एवं सहायक अभियंता के साथ जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल एवं कनीय अभियंता उपस्थित हुए। उपायुक्त द्वारा कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को पोशाक, स्कूलों के कंपोजिट ग्रांट, सीआरसी ग्रांट, बीआरसी ग्रांट, पीटीएम मद सहित जिला, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष की शीघ्र समाप्ति को देखते हुए 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय करते हुए पीएफएमएस पर अपलोड कर भुगतान के निर्देश दिए । उपायुक्त द्वारा डीईओ एवं डीएसई को इसकी दैनिक रूप से समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि जो काम नहीं कर रहे उनके विरुद्ध करवाई का प्रस्ताव दें । समीक्षा में चैनपुर प्रखंड सभी मामलों में पीछे पाया गया वहीं पोशाक वितरण में घाघरा एवं गुमला प्रखंड को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए



। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संचालन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा पारदर्शी तरीके से शेष बचे परीक्षाओं के आयोजन तथा सभी परीक्षार्थियों के योग्यतानुरूप इंटरनल अंक देने का निर्देश दिया गया ।

विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, साइंस लैब, व्यावसायिक शिक्षा आदि की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालय में आईसीटी/ व्यावसायिक इंस्ट्रक्टर की उपलब्धता सहित यदि किसी विद्यालय में उपकरणों के मरम्मत या कोई तकनीकी समस्या है तो 15 दिनों में उसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया । जिले के सभी कस्तूरबा विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को प्राप्त होने वाली सभी सुविधाओं हेतु डीईओ को निर्देशित किया गया कि समीक्षा कर होली से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लंबित बिलों का भुगतान करा दें तथा पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु राज्य से परमिशन की मांग करें । उपायुक्त द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई की समीक्षा करते हुए शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने सहित नए छात्रावास भवन में शिफ्टिंग कार्य जल्दी करवाते हुए अप्रैल में नए सत्र का आरम्भ अनिवार्य रूप से नए भवन में ही किए जाने हेतु डीईओ एवं डीएसई को निर्देशित किया गया । उपायुक्त द्वारा पीएम श्री विद्यालय तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में सरकार के निदेर्शानुसार उच्च स्तरीय सुविधाओं सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निर्देश दिए गए । असैनिक निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में शौचालय, बाउंड्रीवाल सहित विभिन्न छोटी छोटी योजनाओं के लंबे समय से पूर्ण

- असैनिक निर्माण योजना की असंतोष जनक स्थिति देख अभियंताओं के वेतन पर लगाई रोक
- नये सत्र से नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई के नये भवन में संचालन का निर्देश

नहीं होने सहित असंतोषजनक प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा परियोजना में असैनिक निर्माण प्रभाग के सभी सहायक एवं कनीय अभियंताओं के तत्काल प्रभाव से वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण पूछने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया । अंत में उपायुक्त द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में मात्र एक माह का समय शेष रहने के कारण आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 15 दिनों के भीतर विद्यालय, संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न लंबित कार्य पूर्ण करते हुए नियमानुसार अधिकतम राशि व्यय करें ताकि जिला का भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन बेहतर हो सके ।

## डोभा से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना के रन्हे निवासी एक नाबालिग सोनू कुमार सिंह 17 वर्ष का शव घाघरा पुलिस ने शुक्रवार को एक डोभा से बरामद किया। सोनू बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजे आधे घंटे बाद आने की बात कह अपने घर से निकला था। लेकिन फिर वह घर नहीं लौटा , जब वह दूसरे दिन सुबह तक घर वापस नहीं आया तो, उसके परेशान पिता पारसनाथ सिंह ने घाघरा थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था , मृतक सोनू के पिता पारसनाथ ने बताया कि सोनू गोरखपुर में काम करता था और एक हफ्ता पूर्व अपने घर रन्हे आया था। इधर शुक्रवार को अपराह्न के बाद गॉव के ही चरवाहों ने बताया कि एक शव डोभा में है। जब पारसनाथ एवं परिजन वहां उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर देखा और उक्त शव के कपड़े से सोनू के शव होने की बात सामने आई। तब घाघरा थाना पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर पुछताछ और छानबीन शुरू करते हुए उक्त शव को उक्त डोभा से निकालकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि उक्त शव को देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या गला दबा कर की गई हो और मृतक का एक आंख भी किसी नुकीले सामान से फोड़ा गया हैं ऐसा प्रतीत हो रहा है। इस बावत एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि सोनू की हत्या की गई है, घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी है , और बहुत जल्द ही आरोपी हत्यारे को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा ।

## सड़क दुर्घटना में तीन गंभीर



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडढ़गांव के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए गंभीर रूप से घायल , यह घटना उस समय हुई जब सीबी साईन और टीवीसी मोपेड के बीच सीधी टक्कर हो गई , उक्त हादसे में घायल होने वालों में कुटमा निवासी 44 वर्षीय बुधराम असुर, 12 वर्षीय शनियारो कुमारी और विपरीत दिशा से आ रहे काटकही निवासी 20 वर्षीय अवधेश बड़ा शामिल हैं, जो नशे की हालत में था और शादी समारोह में जा रहे था ।घटना के बारे में बुधराम असुर की बहन बिरसी असुर ने बताया कि वे चैनपुर राशन के लिए बायोमेट्रिक लगाने जा रहे थे, तभी अचानक डहुडढ़गांव हॉस्पिटल के पास दोनों बाइक में सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर में बुधराम के माथे और पैर में गंभीर चोटें आईं हैं, जबकि उनकी भतीजी शनियारो कुमारी के पैर में भी गंभीर चोटें आईं हैं ।घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एएसआई वी के पांडेय तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर जेन वंदना ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चैनपुर पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है, और उक्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर चैनपुर थाना लाया गया हैं।

## महासदाशिव मंदिर मरदा के सप्तम वार्षिकोत्सव में भाग लेने के लिए साधु -संतों, महात्माओं व आचार्यों पहुंचना जारी



**गुमला :** जिला रायडीह प्रखंड क्षेत्र में 1 एवं 2 मार्च को आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री देवों के देव महादेव के महासदाशिव मंदिर मरदा के सप्तम वार्षिकोत्सव में भाग लेने के लिए भारत के विभिन्न धार्मिक पीठों, स्थलों से साधु संतों, महात्माओं, आचार्यों का शुभागमन प्रारंभ हो चुका है। आज प्रातः ज्योतिर्पीठ के शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्मचारी परमात्मानंद जी अपने 10 बटुकों के साथ पधार चुके हैं। इसके साथ ही बनारस से महात्मा अखंडानंद जी महाराज, बाबा रामकिशन दास का भी पदार्पण हो चुका है। दोपहर में त्रयंबकेश्वर नासिक से आचार्य अशोक चतुर्वेदी के संग दस आचार्य एवं पंडित पधार चुके हैं। इस प्रकार अब तक 22 साधु संतों, शंकराचार्य के शिष्यों, आचार्यों, पंडितों का शुभागमन हो चुका है। महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण पर है, स्टेज, पंडाल, कीर्तन मंडप, गेट्स, बैनर्स, विद्युत सज्जा, मंदिर का श्रृंगार आदि कार्य लगभग पूरा हो चुके हैं । भंडारा की तैयारी चल रही है और झांकियों के लिए वाहन उपलब्ध हो चुके हैं। महोत्सव स्थल पर मेला, झूला, मीना बाजार लग चुका है। कलश यात्रा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। महासदाशिव मंदिर संचालन समिति मरदा के अध्यक्ष श्री विज्ञान सिंह ने श्रद्धालु माता बहनों एवं भक्तजनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में भाग लेकर इसकी शोभा बढ़ाएं और पुण्य के भागीदार बनें ।

# डिजिटल युग में समाज की जागरूकता में न्यू मीडिया की भूमिका पर प्रेस संगोष्ठी

संवाददाता

**सिमडेगाः** सिमडेगा सूचना भवन में डिजिटल युग में समाज की जागरूकता के लिए न्यू मीडिया की भूमिका पर प्रेस संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार एवं जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो व रविकांत साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। साथ ही सभी पत्रकार बंधुओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

संगोष्ठी परिचर्चा में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने भी सोशल मीडिया को सूचना का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि




सोशल मीडिया हैंडल करने वालों को सिर्फ सूचना देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उस सूचना से संबंधित पूर्ण ज्ञान देकर शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को सेल्फ रेग्यूलेट होकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की जरूरत है। मीडिया समय - समय पर व्यवस्था बदलने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि खबर को एक जिम्मेदारी के साथ समाज के बीच रखने की जरूरत है। जिससे वह सूचना समाज में किसी तरह की परेशानी खड़ी ना कर सके। उन्होंने कहा कि की संवेदनशील सूचनाओं को समाज के लिए सकारात्मकता और नकारात्मकता के तराजू में तौल कर प्रसारित की जाए। जिससे संवेदनशीलता को हानि ना करे।पुलिस अधीक्षक ने जिले में साइबर क्राइम से ठगी,सड़क दुर्घटना से मौत,मानव तस्करी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंदोलनों में आंदोलनकर्ता किसी न किसी मीडिया से जुड़े रहे।

इस संगोष्ठी में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने वर्तमान सामाजिक परिवेश में सोशल मीडिया की जरूरत और भूमिका पर अपनी बात रखते हुए कहा कि त्वरित सूचना प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है। जिसमे फोटो,वीडियो व कंटेन्ट का त्वरित प्रसार होता है लेकिन इसमें प्रसारित होने वाली सूचनाएं समाज में क्या प्रभाव डालेगी इसका आकलन प्रसारण पूर्व करना जरूरी है। संगोष्ठी में जिले के विभिन्न पत्रकारों के द्वारा डिजिटल युग में समाज की जागरूकता में न्यू मीडिया की भूमिका पर अपने-अपने विचार रखते हुए सोशल मीडिया के सकारात्मक और नाकारात्मक पहलुओं को बताते हुए सोशल मीडिया के लिए एक गाइडलाइन जारी करने की मांग रखी। मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि न्यू मीडिया के पार्ट में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस भी आ गया है जो किसी भी न्यूज की सत्यता,फोटोग्राफ आदि को अविश्वसनीय बना दिया है। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में रेगुलेशन एक्ट है किंतु सोशल मीडिया के रेगुलेट्री की जरूरत है। परिचर्चा में सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया प्रसारण में त्वरित संदेश पहुंचता है,पर उसकी दुरुपयोग से बचना चाहिए। रविकांत साहू ने कहा कि सकारात्मक चीजों को सोशल मीडिया में प्रस्तुत कर समाज को नई दिशा दी जा सकती तथा नकारात्मक को हतोत्साहित करने की जरूरत है। वाचस्पति मिश्र ने कहा कि लोगों में भ्रम फैलाने वाली समाचारों से बचना चाहिए जिस प्रकार कोविड काल में भ्रम वश वैक्सीन लेने से इन्कार कर रहे लोगों को मीडिया द्वारा कार्य की गति दी गई। डॉ आशीष शास्त्री ने भी सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर विचार रखे। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने -अपने विचार रखे जिसमे विकास साहू, वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।